
दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल
ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 160 | ग्वालियर बुधवार, 29 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए





## न्यूज़ ट्रैक

### बेचैनी हो रही है, खुली हवा में टहलना चाहता हूं...नैनी जेल में रातभर डरा-सहमा दिखा अतीक अहमद



**नई दिल्ली।** उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी आतीक अहमद को सोमवार (27 मार्च) प्रयागराज की नैनी जेल लाया गया. जेल सूत्रों के मुताबिक, अतीक रातभर बेचैनी में रहा और इस दौरान बैरक में बार-बार टहलता रहा. अतीक को नैनी जेल में 10-15 स्क्वायर फीट की हाई सिक्युरिटी बैरक में रखा गया है. जेल मैनुअल के हिसाब से अतीक को सभी जरूरी चीजें दी गई. एक टूथपेस्ट, साबुन और टूथब्रश उसे दिया गया. साथ ही अतीक को एक कंबल और चादर भी दी गई. अतीक ने रात करीब 4 बजे जेलकर्मी से बाहर टहलने की गुजारिश की. उसने कहा कि उसे बेचैनी और सरदर्द हो रहा है इसलिए वो थोड़ा खुली हवा में टहलना चाहता है. यहीं नहीं, अतीक ने पहरे पर तैनात जेलकर्मी से देर रात पूछा कि क्या अशरफ आ गया है.

### कितनी बढ़ेगी गर्मी, कितनी तेज चलेगी हवा



**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित उत्तर भारत में मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है. इस बीच मौसम विभाग अधिकारियों ने सोमवार (27 मार्च) को कहा कि इस गर्मी में दिल्ली सहित पूरे देश के मौसम स्टेशनों के लिए हीट इंडेक्स रीडिंग जारी करने की योजना बना रहा है. दिन के अधिकतम और न्यूनतम तापमान के कलर कोडित पूर्वानुमान भी जारी कर सकता है. उन्होंने बताया कि कई मॉडलों का यूज करके रियल फील को कैलकुलेट करेगा जो दिन की रिलेटिव ह्यूमिडिटी, हवा की स्पीड का अधिकतम तापमान और क्लाउड कवर को कलर के जरिए बताएगा. जानकारी के मुताबिक कलर बेस्ड वार्निंग येलो, ऑरेंज, रेड भी जारी की जाएगी जिसके आधार पर लोगों से बरती जाने वाली सावधानियों के लिए बताया जाएगा. आईएमडी इस ॥ढ्ढ को तैयार करने के लिए पिछले साल हीट हजार्ड के एनालिसिस के दौरान देशभर के मौसम स्टेशनों से इक्कठा किए गए डेटा का उपयोग करेगा. अधिकारियों ने कहा कि इस मॉडल को इस मानसून में ॥ढ्ढ डेटा जारी करने के उद्देश्य से देशभर के सभी क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्रों के साथ साझा किया जाएगा. आईएमडी के वैज्ञानिक और दिल्ली क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि शुरू में, सफदरजंग में एक्सपेक्टेड वेदर के आधार पर राजधानी के लिए केवल एक ॥ढ्ढ पूर्वानुमान जारी किए जाने की संभावना है, जो दिल्ली के मौसम का प्रेजेंटेशन करता है, हालांकि बाद में इसे डिस्ट्रिक्ट लेवल पर पूर्वानुमान जारी करना है.

### बार-बार प्रोटोकॉल तोड़ रहा चीन

**नई दिल्ली।** भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाने को लेकर चीन कितना गंभीर है, इसपर विचार करने की जरूरत है. चीन कहता कुछ है और करता कुछ. अब ये बात सबको अच्छे से समझ आने लगी है. भारत और चीन में एक बार फिर से तनाव पैदा हो गया है. आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने बताया कि चीन का एलएसी पर प्रोटोकॉल को न मानना और उनका उल्लंघन करना दोनों देशों के बीच तनाव होने का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है. इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा देश किसी भी हालात में हो हम निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है. जनरल पांडे ने सोमवार को सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय और नई दिल्ली के सेंटर फॉर चाइना एनालिसिस ऐंड स्ट्रैटेजी आयोजित दूसरे रणनीतिक डायलॉग में हिस्सा लिया था. जहां उन्होंने चीन का सुधार और दुनिया पर उसका प्रभाव पर अपनी बात रखी थी. उन्होंने बताया कि सीमा पर चीन ने सैनिकों के आवागमन, उनकी तैनाती और आर्मी ऑप्रेशन से जुड़ी सभी तैयारियों में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी की है. उन्होंने यह भी कहा कि एशिया के दो सबसे बड़े देशों के द्विपक्षीय संबंधों से सीमा मुद्दे को बाहर नहीं किया जा सकता है. जनरल पांडे ने कहा कि पहले के प्रोटोकॉल, समझौतों का चीन लगातार उल्लंघन कर रहा है और एलएसी पर अतिक्रमण कर रहा है जो भारत के लिए चिंता का विषय है. उन्होंने कहा, मुझे लगता है अतिक्रमण अब भी तनाव की महत्वपूर्ण वजह बना हुआ है. वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर दोनों देशों की अलग-अलग सोच, विचार और दावे ही विवाद का कारण हैं. भारत और चीन 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा को शेयर करते हैं. चीन सीमा के साथ भारत की केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ ही हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा भी लगी है.

## राहुल गांधी ने विदेश में झूठ बोला, देश में झूठ बोला, संसद में झूठ बोला: स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी की सांसदी जाने के मुद्दे पर विपक्ष एकजुट होता दिख रहा है. वहीं बीजेपी भी शांत नहीं है. बीजेपी कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को लगातार घेर रही है. आज (28 मार्च) सुबह केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी पीएम मोदी का अपमान करते करते ओबीसी समाज का अपमान कर रहे हैं. जबकि पीएम ने हमेशा कहा है कि आप मेरा चाहे जितना अपमान करना है करिए, लेकिन देश का अपमान मत करिए. स्मृति ईरानी ने कहा, अपनी पॉलिटिकल बौखलाहट में राहुल गांधी का मोदी जी के प्रति विष, देश के अपमान में परिवर्तित हो चुका है. पीएम मोदी का अपमान करते करते पूरे समाज का अपमान करना भी उन्होंने उचित समझा. नरेंद्र मोदी की इमेज पर प्रहार करने के लिए उन्होंने (राहुल गांधी) विदेश में झूठ बोला देश में झूठ बोलाज संसद में झूठ बोला. ये वो व्यक्ति है जो सुप्रीम कोर्ट के सामने नाक रगड़ कर माफ़ी मांगते हैं और आज ढोंग करते हैं डरपोक न होने का.



केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के एक मैगजीन को दिए इंटरव्यू का भी जिक्र किया. ईरानी ने कहा, राहुल ने इंटरव्यू में कहा था कि पीएम नरेंद्र मोदी की ताकत उनकी छवि है और राहुल गांधी ने 4 मई 2019 में एक मैगजीन इंटरव्यू में प्रण लिया कि मैं पीएम मोदी की छवि पर प्रहार करता रहूंगा जब तक उस छवि को नष्ट न कर दूं. गांधी परिवार ने सत्ता में रहते हुए पीएम मोदी की छवि खराब की. ईरानी ने आगे कहा, ये पहली बार नहीं है जब नरेंद्र मोदी पर प्रहार किया गया हो. ये कटाक्ष जब उन्होने सांसद में दिया....तब उनसे कहा गया कि आप अपने शब्दों को प्रमाणित करिए....लेकिन नहीं किया. घर उनका नहीं है, जनता का है. जैसे उन्होंने अमेठी में जमीन कब्जा ली है. वैसे ही वह राजधानी में चाहते हैं कि टैक्स पेयर का घर कब्जा कर लें. हाल ही में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास ने स्मृति ईरानी को लेकर विवादित बयान दिया था. श्रीनिवास ने कहा था, स्मृति ईरानी गंगी-बहरी हो गई हैं. उसी डायन को... महंगाई डायन को... महंगाई डायन को बेडरूम में बैठाने के लिए डार्लिंग बनाने का काम किया है. ईरानी ने इसपर पलटवार करते हुए कहा, श्रीनिवास का बयान.....राहुल गांधी के शब्द हैं, सोनिया गांधी के संस्कार हैं....ये पहली बार नहीं है जिस किसी को कांग्रेस में प्रमोशन चाहिए वो ऐसी ही भाषा मुझपर बोलेगा.

## अमेरिका भी रख रहा राहुल गांधी विवाद पर नजर



**नई दिल्ली।** केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक राहुल गांधी को लेकर इस वक्त भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका में भी चर्चा हो रही है. अमेरिका ने राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि कानून के शासन और न्यायिक स्वतंत्रता के लिए सम्मान किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है. अमेरिका भारतीय अदालतों में गांधी के मामले को देख रहा है. उनका कहना है कि भारत के साथ अमेरिका लोकतांत्रिक मूल्यों पर साझा प्रतिबद्धता को लेकर जुड़ा हुआ है. भारत में राहुल गांधी की संसद से सदस्यता जाने के एक सवाल में उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, हम हमारे दोनों लोकतंत्रों को मजबूत करने के अहम पहलू के तौर पर अभिव्यक्ति की आजादी के साथ लोकतांत्रिक सिद्धांतों की सुरक्षा की जरुरतों को दिखाना जारी रखते हैं. यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका भारत या राहुल गांधी के साथ बातचीत कर रहा है. इसपर उन्होंने कहा कि इसपर कहने के लिए फिलहाल उनके पास कुछ नहीं है.

दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को 2019 के मानहानि के केस में मिली दो साल की सजा के बाद शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य ठहराया गया. लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया था कि उनकी अयोग्यता का आदेश 23 मार्च से प्रभावी होगा. नोटिफिकेशन जारी होने के कुछ घंटे पहले राहुल गांधी ने लोकसभा की कार्यवाही में भाग भी लिया था. मानहानि का केस साल 2019 में कर्नाटक में हुई एक रैली से जुड़ा है. इस रैली के दौरान राहुल ने मेदी सरनेम को लेकर विवादित टिप्पणी की थी. इस मामले में कोर्ट ने उन्हें दो साल की सजा भी सुनाई थी. अयोग्य ठहराए जाने के बाद से ही देश भर में इसके लेकर राजनीतिक गरमाई हुई है. अब अमेरिका ने भी इस मामले में अपने विचार सामने रखे हैं.

## दिल्ली में लगी ऐसी भीषण आग, जमींदोज हो गई इमारत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बदरपुर के मोलरबंद इलाके में कल रात (27 मार्च) दो मंजिला इमारत में आग लग गई. लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक आग इतनी भयानक थी की महज कुछ घंटों के अंदर ही दो मंजिला इमारत पूरी राख हो गई. दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें रात 10 बजकर 50 मिनट पर इमारत में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद स्थल में जाकर आग पर काबू पाया. दमकल विभाग की ओर से मौके पर 18 गाड़ियां रवाना कर दी गई थी। घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अभी भी मौके पर राहत बचाव कार्य जारी है. जानकारी के मुताबिक इमारत के ग्राउंड फ्लोर में कपड़े का गोदाम था, जहां पर रेडीमेड कपड़ों का स्टॉक भरा पड़ा था. जानकारी के मुताबिक गोदाम में रात करीब 11 बजे आग फैल गई और आग की लपटों से पूरी इमारत ही ढह गई. पहले इमारत में आग लगी जिससे इमारत में लगा सरिया कमजोर हो गया और आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरी इमारत ढह गई. आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते पूरी इमारत ढह गई.



## मप्र सरकार ने अनुकंपा नियुक्तियों पर लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में अब अगर किसी सरकारी कर्मचारी की रिटायरमेंट से पहले उसकी मौत हो जाती है, तो उसकी बेटी और बहु अनुकंपा नियुक्ति पाने की हकदार होगी. सोमवार को मध्य प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग ने इसको लेकर एक संसोधित आदेश का नोटिफिकेशन किया है. इससे पहले सरकारी कर्मचारी की मौत के बाद अगर मृतक की पति या पत्नी सरकारी नौकरी के योग्य न हों या उसे लेने से मना कर दें तो ऐसे में वो अनुकंपा नियुक्ति उनके बेटे या अविवाहित बेटी को दिए जाने का प्रावधान किया गया है. इसी में अब संसोधन किया गया है. अब बहु भी अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर सकेगी. मध्य प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग के नए नियमों के अनुसार, अब विधवा बहु भी अनुकंपा नियुक्ति पाने की हकदार होगी. इसके साथ- साथ सरकारी कर्मचारी की मौत के बाद उसकी विधवा बेटी जो पुरी तरह से उन्हीं पर आश्रित हो. साथ ही आश्रित की पति या पत्नी न हो. उसे भी अनुकंपा नौकरी मिल सकेगी. इससे पहले दिवंगत सरकारी कर्मचारी की संतान सिर्फ विवाहित बेटियां ही मृतक कर्मचारी के पति या पत्नी की ओर से नामांकित किए जाने के बाद अनुकंपा



नियुक्ति पाने की पात्र थीं. साथ ही नियम से भी था कि अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए मृतक कर्मचारी के पति या पत्नी का होना जरूरी है तभी उनकी अनुकंपा नियुक्ति मिल सकेगी. इतना ही नहीं अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले को मृत कर्मचारी के आश्रित जो जीवित हैं, मां या पिता के भरण पोषण की जिम्मेदारी निभाने का लिखित में शपथ पत्र देना होगा. अब ये नियम पूरी तरह से हटा दिया गया है.

### मध्य प्रदेश में गरज के साथ फिर हो सकती है बारिश

मध्य प्रदेश में मौसम विभाग ने 29 मार्च की रात से उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और आंधी का नया दौर शुरू होने की संभावना जताई है. अगले दो दिनों के दौरान पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत में बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है. मौसम विबाग के अनुसार मध्य प्रदेश में मंगलवार 28 मार्च को गर्मी का असर रहेगा, मौसम साफ रहने से दिन और रात दोनों के तापमान में बढोतरी होगी. वहीं इसके बाद 29-30 मार्च से एक बार फिर मौसम के बदलने के आसार हैं. इस दौरान ग्वालियर-चंबल समेत रीवा, जबलपुर, उज्जैन संभाग के कुछ शहरों में तेज हवा और गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की भी संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार भोपाल में आज न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है.

## राजस्थान में बारिश के अलर्ट के बाद किसानों में खौफ

**नई दिल्ली।** राजस्थान में बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से किसानों की अधिकतर फसल बर्बाद हो गई है. वहीं अब मौसम विभाग ने फिर 30 तारीख को बरसात और ओले का अलर्ट जारी कर दिया है. इससे एक बार फिर किसानों के सिर पर खौफ के बादल छाए हुए हैं. बेमौसम बरसात से खेत में खड़ी हुई किसानों की पकी हुई गेंहू की फसल को काफी नुकसान हुआ है. अब फिर एक बार पश्चिमी विछोभ के चलते मौसम का मिजाज बदलने से बरसात और ओलावृष्टि का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है. इससे किसानों की मुसीबत कम नहीं हो रही है. बेमौसम बरसात के कारण इस बार किसानों का काफी नुकसान हुआ है. इस बार गेंहू, चना और सरसों की फसल प्रभावित हुई है. राजस्थान के भरतपुर जिले में लगभग 2.70 लाख हैक्टेयर में सरसों और लगभग 1.25 लाख हैक्टेयर में गेंहू की पैदावार हुई है. वहीं बेमौसम बरसात से सरसों में कम और गेंहू की फसल में किसानों को ज्यादा नुकसान हुआ है. वैर के उपखण्ड अधिकारी ललित कुमार मीणा ने कहा कि तहसील में लगभग नौ से दस ग्राम पंचायतें ऐसी हैं जहां ओलावृष्टि ने फसलों को नष्ट कर दिया. किसानों द्वारा ज्यादातर सरसों की फसल कृषि क्षेत्रों से पहले ही ले ली गई थी, लेकिन गेहूं की फसल में बड़ा नुकसान हुआ. ओलावृष्टि से गेहूं की 90 प्रतिशत से अधिक फसल नष्ट हो गई. वैर तहसील के आमोली गांव के किसान बलवीर सिंह ने कहा कि खेती ही परिवार की कमाई और आजीविका का एकमात्र साधन है, लेकिन ओलावृष्टि ने हमारी फसलों को नष्ट कर दिया. हम सरकार से किसानों को समय पर मुआवजा देने की मांग करते है. वहीं मौसम विभाग ने पश्चिमी



विछोभ के कारण एक बार फिर 29 मार्च से लेकर 31 मार्च तक बरसात और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है. भरतपुर संभाग में 30 मार्च को मौसम प्रभावित होने की संभवना है और 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है. किसानों को फिर फसल खराब होने का डर सताने लगा है. क्योंकि किसानों की अभी भी गेंहू की फसल खेत में खड़ी है और कई जगह गेंहू की कटाई का काम भी चल रहा है.

## हिंदू राष्ट्र की मांग पर फिर बोले धीरेन्द्र शास्त्री



बागेश्वरधाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि यदि वे चार-पांच साल जिंदा रहे तो दूसरे धर्म वाले भी हरि-हरि बोलने लगेंगे. उनका कहना है कि हम उनसे बुलवाकर रहेंगे. हम चाहते है कि भारत में ये जो पूजा के नाम पर, दरबारों के नाम पर, धामों के नाम पर, भगवानों के नाम पर धंधा चलता है, उसे नहीं चलने देंगे. अब मस्तक पर तिलक होगा और भारत हिन्दू राष्ट्र होगा. दरसअल बागेश्वरधाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने जबलपुर में अपनी कथा के दौरान सोमवार को दिव्य दरबार लगाया था. इस दौरान उन्होंने कहा कि वे किसी धर्म के विरोधी नहीं है. वे नफरत के नहीं बल्कि प्रेम के आदि हैं और गर्व से कहते हैं कि हम हिंदुत्ववादी है. उन्होंने कहा कि हनुमान जी आए ही इसलिए हैं, अब बागेश्वर बालाजी कि मस्तक पर तिलक होगा और भारत हिन्दू राष्ट्र होगा.हम करवा कर रहेंगे. इसलिए कहा है कि तुम मेरा साथ दो हम हिन्दू राष्ट्र देंगे. पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने इस दौरान उपस्थित भीड़ को चैलेंज देते हुए कहा कि यदि आप बुजदिल नहीं है तो कोई आपकी बहू-बेटियों से लव जिहाद नहीं करेगा. कोई भगवान राम की यात्रा मार्ग पर पत्थर नहीं फेंकेगा. वहीं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने यह भी कहा कि वे अंग्रेजों की ठठरी बांधने जल्द की अमेरिका जाएंगे. उन्होंने कहा कि वे 15 अगस्त को अमेरिका में तिरंगा झंडा फहराएंगे. ये बात उन्होंने जबलपुर में सोमवार को अपने दिव्य दरबार में कैलिफोर्निया से आए एक भक्त के सामने कही. गौरतलब है कि अपने इसी कार्यक्रम के दौरान धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने एक हैरान कर देने वाली घोषणा की थी. उन्होंने बताया था कि उनकी अगली श्रीमद भागवत कथा का आयोजन एक मुस्लिम परिवार करेगा. उन्होंने कहा था कि अब टोपी वाले भी उनकी राम कथा सुनेंगे.

## भारत के अलर्ट के बाद अमृतपाल को ढूंढने में जुटी नेपाल पुलिस

**नई दिल्ली।** भारत में भगोड़े घोषित अमृतपाल के नेपाल भाग जाने की आशंका के बीच भारत की रिक्वेस्ट पर नेपाल ने भी अुमतपाल की तलाश तेज कर दी है. भारतीय दूतावास ने इस मामले पर नेपाल सरकार को लिखे पत्र में अमृतपाल के नेपाल में छिपे होने की आशंका जताते हुए उसके नेपाल की धरती का इस्तेमाल करते हुए किसी और देश भागने की आशंका जताई थी. इसके लिए नेपाल के दूतावास ने नेपाल के सुरक्षाकर्मियों को अमृतपाल की अलग अलग तस्वीरें भी साझा की हैं. दूतावास ने अपने पत्र में लिखा है कि अमृतपाल अपने पासपोर्ट या किसी और नाम के फर्जी पासपोर्ट पर सफर कर सकता है. पुलिस ने अमृतपाल के नेपाल से दुबई, कतर, सिंगापुर, बैंकॉक भागने की योजना होने की जानकारी के साथ इन सभी जगह जाने वाले विमान के यात्रियों की सख्ती से जांच कराने की मांग की है.

भारतीय खुफिया विभाग की एजेंसियों का यह आशंका है कि अमृतपाल नेपाल में पाकिस्तानी दूतावास के सहयोग से फर्जी पासपोर्ट के सहारे भागने की कोशिश करेगा. भारत सरकार की तरफ से आधिकारिक जानकारी दिए जाने के बाद से पूरे नेपाल में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है. वहीं



भारत ने अमृतपाल को लेकर सभी स्टेशनों की जांच प्रक्रिया को कड़ा किया है. नेपाल सरकार संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रख रही है और भारत से आने वाले लोगों के परिचय पत्र की जांच कर रही है. शक के आधार पर नेपाल पुलिस कई स्थानों पर लगातार दबिश दे रही है. काठमांडू में इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान स्थल और भैरहवा में गौतम बुद्ध अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है. भगोड़े अमृतपाल की तस्वीर को नेपाल के सभी होटल, गेस्ट हाउस और लॉज में अमृतपाल की फोटो को सर्कुलेट कर दिया गया है.

## एक नजर...

### श्री राम राजा सरकार संपूर्ण शिक्षा फाउंडेशन का शिक्षा के क्षेत्र में अति सराहनीय कार्य

हरिओम चतुर्वेदी ब्यूरो





श्री राम राजा सरकार संपूर्ण शिक्षा फाउंडेशन की डायरेक्टर श्रीमती अंगूरी शर्मा, श्रीमती इंदिरा देवी शर्मा एवं महेश विद्यापीठ स्कूल जिगना की संचालिका श्रीमती रानी चौबे द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय टकटकी तहसील करैरा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश में बच्चों के बीच पहुंचकर शिक्षा में रुचि एवं जागरूकता लाने के लिए बच्चों को संबोधित किया। इस मौके पर संस्था की प्रमुख डायरेक्टर श्रीमती अंगूरी शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान पारस पथरी के समान है ,जिस प्रकार पारस पथरी लोहे को छू ले तो वह लोहा भी कीमती सोना बन जाता है; ठीक उसी तरह ज्ञान का प्रयोग जहां भी किया जाए तो वह अमूल्य निधि बन जाती है; ज्ञान वह चाहे आर्थिक विकास के लिए प्रयोग हो, सामाजिक विकास के लिए हो अथवा व्यक्तित्व विकास में हो ।श्रीमती रानी चौबे ने अपने उद्बोधन में बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ ग्रामीण पालकों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक किया उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के माता-पिता या पालक जागरूक होते हैं, वह बच्चे ज्यादा होशियार होते हैं। श्रीमती रानी चौबे ने आगे अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षा के क्षेत्र में संस्था के द्वारा उठाए गए कदम अति सराहनीय हैं, विशेषकर इसलिए भी सराहनीय हैं क्योंकि इस संस्था का संचालन सभी महिलाएं कर रही हैं। इस मौके पर संस्था द्वारा गरीब स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करने एवं उत्साह वर्धन के लिए कॉपी, किताबें ,ड्रेस, पेन, पेंसिल आदि शिक्षा सामग्री को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रुप से श्री कमल किशोर शर्मा शिक्षक एवं भारतीय जन सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल भार्गव भी उपस्थित रहे।

### आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष जितेंद्र जैन जी ने ली बैठक

**महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मनिक्षा तोमर लोकसभा इंचार्ज अहिबरन सोलंकी रहे शामिल**

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी-विंधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। पोहरी में सोमवार को आम आदमी पार्टी कार्यालय पर अहम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष मनिक्षा तोमर एव यूथ बिंग के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम लॉधी मुख्यरूप से उपस्थित रहे। जहा प्रदेश अध्यक्ष तोमर ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधनसाभा चुनाव में संगठन का प्रमुखता से विस्तार करना है जिसमे सभी पदाधिकारी एव कार्यकर्त अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाहन करे। और साथ में ही पोहरी विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता मनीष धाकड़ (चकराना) जी के साथ अन्य कार्यकर्ताओं को सदस्यता ग्रहण कराई। आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश में।मजबूरटी के साथ चुनाव में उतरेगी ओर आमजन के मुद्दों को लेकर क्षेत्र में काम करेगी। सभी पदाधिकारियों पार्टी का अधिक से अधिक विस्तार करे ओर लोगो को आ। आदमी पार्टी के कर्यान्वियां की जानकारी दे। इस मीटिंग में पोहरी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे जिसमें पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अशोक सगर, जिला सहसचिव मुकेश ओझा, दामोदर धाकड़, बलवीर धाकड़, सोनाराम धाकड़, रवी धाकड, सोने राम परिहार, हुकम सिंह धाकड़, सोनू धाकड़, नरेश धाकड़, मनीष धाकड़, देवी सिंह बघेल, राजू बघेल, अजय केन आदि।

### पुलिस थाना पिछोर ने देर रात ढाबा में शराब पीकर उपद्रव करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया

राकेश परिहार पिछोर दैनिक पुष्पांजलि

पिछोर। पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पिछोर प्रशांत कुमार शर्मा के



निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में थाना पिछोर टी आई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने एक शातिर व आदतन मारपीट के अपराध घटित करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया ।पुलिस थाना पिछोर को सूचना मिली कि प्राण सिंह लोधी के ढाबा ग्राम मनगुली के पास एक युवक शराब पीकर उत्पात कर रहा है उस पर से पुलिस थाना पिछोर की टीम ने तत्काल जाकर आरोपी रानू उर्फ रानाजी यादव निवासी ग्राम पटसेरा को गिरफ्तार किया उसके विरुद्ध धारा 151 सीआरपीसी की कार्रवाई की ।रानू यादव वर्ष 2017 से लगातार मारपीट के कई अपराध घटित कर चुका है इसलिए इसके विरुद्ध 110 जाब्ता फौजदारी की भी कार्यवाही की गई है । पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, नरेंद्र यादव प्रधान आरक्षक संतोष यादव ,आरक्षक बचान सिंह तोमर, रूपेंद्र सिंह यादव ,जितेंद्र सिंह गुर्जर व देशराज सिंह गुर्जर शामिल रहे ।

# ग्रामीण बोला- 20 हजार रुपए लिए न आवास मिला- न पैसे वापस किए

शिवपुरी। शिवपुरी की पिछोर जनपद की रही ग्राम पंचायत के सचिव पर कुटीर के एवज में रिश्वत लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जनसुनवाई में कलेक्टर से की है। रही गांव के रहने वाले उत्तम लोधी के पुत्र सेवक लोधी ने बताया कि मेरे पास रहने को पक्का मकान नहीं है वह फिलहाल अपनी खेत पर बनी कुटिया में अपने परिवार के साथ रख रहा था। आगामी समय में वर्षा काल से परेशानी न हो इसके लिए मैंने जैसे-तैसे प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास के लिए आवेदन किया था। कुछ दिनों बाद गांव का सचिव बद्री लोधी मुझे मिला था। बद्री ने बताया था कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम आ गया। कुटीर स्वीकृति के नाम पर उस ने मुझसे 20 हजार की रिश्वत भी ले ली थी लेकिन आज दिनांक तक न ही सचिव ने कुटीर उपलब्ध कराई है और न ही 20 हजार रुपए वापस किए। जब भी सचिव से पैसे मांगता हूं, तब मुझे धमकी देकर भगा देता है। सचिव द्वारा धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराने आज वह कलेक्टर कार्यालय पहुंचा हूं। ग्राम पंचायत रही के सचेत बद्री लोधी का कहना है कि उत्तम लोधी का अभी तक आवास स्वीकृत नहीं हुआ है और न ही उसने किसी भी प्रकार की कोई उत्तम लोधी से रिश्वत ली है उत्तर के द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं।

## प्रत्यक्षदर्शी बोले- लगातार तेल टपकने की वजह से भड़की आग

*शिवपुरी। शिवपुरी शहर के बाला जी धाम मंदिर के पास एक बिजली के ट्रांसफार्मर में आग भड़क गई। आगजनी का कारण बिजली के ट्रांसफॉर्मर में हुए शॉर्ट-सर्किट को बताया गया है। बताया गया है कि ट्रांसफॉर्मर में से लगातार तेल टपक रहा था, इसकी वजह से आग और तेजी से भड़क गई। सूचना के घंटों बाद मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिजली सप्लाई को बंद करवा कर भड़की आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार शिवपुरी-ग्वालियर थीम रोड पर बालाजी धाम मंदिर, आयुष कोल्ड स्टोर के पास बिजली का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ है। यहां मंगलवार दोपहर अचानक बिजली के ट्रांसफॉर्मर में आग भड़क गई। इसके बाद कई घंटों तक ट्रांसफॉर्मर में आग की लपटें उठती रही। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बिजली के ट्रांसफॉर्मर से लगातार तेल टपक रहा था। दोपहर बिजली के ट्रांसफॉर्मर मैं हुई स्पार्किंग से उठी चिंगारी जब नीचे कचरे पर गिरीं तो आग की चिंगारी कचरे में भी भड़क गई इसके बाद तेल से लथपथ बिजली के केबिल में भी आग भड़क गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने आग लगने के बाद बिजली के ट्रांसफॉर्मर में कई धमाके जैसी आवाज आईं। आगजनी सूचना तत्काल विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दे दी गई थी परंतु घंटों बाद तक विद्युत कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे करीब डेढ़ घंटे बाद आए विद्युत के कर्मचारियों ने बिजली को बंद कराकर जैसे-तैसे बिजली के ट्रांसफॉर्मर में भ?की आग पर काबू पाया।*

# शहर में चोरों के हौसले बुलंद

**दमोह पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित, बकौली चौराहा स्थित पान के टपरे के ताले टूटे एवं सोने चांदी कि दुकान के ताले तोड़ने का प्रयास, सम्पूर्ण घटना सीसीटीवी में कैद**







रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

दमोह । पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के निर्देशन पर शहर में लगातार अपराधियों को पकड़ने कि कार्यवाही कि जा रही है लेकिन इन दिनों शहर में चोरी कि घटनाएं लगातार बड़ती जा रही है जिस पर अंकुश लगाने में दमोह पुलिस नाकामयाब साबित हो रही है शहर में पिछले कई दिनों से चोरों के हौसले इस तरह बुलंद है कि लोगों में अपने सामान कि सुरक्षा को लेकर डर बन गया है। कुछ दिन पूर्व कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एवं देहात थाना क्षेत्र से आधा दर्जन बाइकों के चोरी होने कि सूचना प्राप्त हुई थी जिसका अभी तक पुलिस के द्वारा पता नहीं लगाया जा सका, तो वही शहर के टोपी लाइन स्थित दुकान से अपने घर जा रहे एक युवक का मोबाइल 3 बाइक सवार चोर उड़ा ले गए। घटना के बाद पीड़ित युवक अरविन्द विश्वकर्मा ने बताया कि वह रोज कि तरह अपने घर धर्मपुरा वार्ड जा रहा था तभी धर्मपुरा में तीन बाइक सवार युवकों के द्वारा मोबाइल हाथ में से छीन लिया गया जिसकी तत्काल ही कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी थी।जिस पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

**सोमवार कि रात चोरों ने बकौली चौराहा स्थित दुकानों पर घटना को अंजाम देने कि कोशिश**-बकौली चौराहा स्थित एक पान के टपरे से ताला तोड़कर चोरी एवं उसी के पास सोने चांदी कि दुकान के ताला तोड़ने का प्रयास भी चोरों के द्वारा किया गया । घटना को अंजाम देने वाले चोर का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है जिसमें वह पत्थर उठा कर ताला तोड़ता दिखाई दे रहा है। पान कि दुकान संचालित करने वाले नीरज चौरसिया ने बताया कि व्यवसायियों ने मुझे सुबह सूचना दी कि तुम्हारी दुकान के ताले टूटे है,तब मौड़े पर पहुंचें तो देखा ताले और फर्नीचर टूटा दिखाई दिया। वही जवाहर ज्वेलर्स के संचालक जवाहर सोनी ने बताया कि दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास चोर के द्वारा किया लेकिन वह सफल नहीं हो पाया।

# परियोजना अधिकारी, आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा

पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौपते हुए प्रदेश के परियोजना अधिकारियों को एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं की महत्वपूर्ण मागों को अति शीघ्र पूरा करने की मांग की है। आईसीडीएस परियोजना अधिकारी संघ एवं पर्यवेक्षक संघ द्वारा





विगत वर्षों में संचालनालय एवं शासन स्तर पर विभिन्न ज्ञापन सौपे गये है । ज्ञापन में मांग की है कि प्रदेश के परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की वेतन विसंगति एवं पदोन्नति सम्बन्धी मांग विगत 25 बर्षों से शासन स्तर पर लंबित है, जिसका विभाग द्वारा कोई निराकरण नहीं किया गया है,जिससे प्रदेश के परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों में बेहद निराशा एवं गंभीर आक्रोश है। अतः प्रदेश के परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने अपनी मांगों के संबंध में शासन से निवेदन करने हेतु संयुक्त मोर्चा का गठन किया है,मांग कर्ताओं ने अपनी मांग में कहा है कि उक्त मांग के संबंध में अवलोकन करने का कष्ट करें। परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षक संघ की लंबित मुख्य मांगे परियोजना अधिकारियों की ग्रेड में 3600 रुपये से बढ़ाकर 4800 रुपए किया जाये। वर्तमान में देश के अन्य राज्यों में सबसे कम एवं विकासखण्ड स्तरीय समकक्ष अधिकारियों में सबसे कम ग्रेड पे परियोजना अधिकारियों का है।

ग्रेड - पे 2400 रूपए से बढ़ाकर 9300 - 34800+3600 किया जाये, क्योंकि पूर्व के समकक्ष पदों का ग्रेड पे पर्यवेक्षको के ग्रेड पे से अधिक है। पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास का वेतन में विसंगतिया है। अनुवादक पद तृतीय श्रेणी गैर कार्यपालिक होने के बावजूद उनका वेतनमान पर्यवेक्षको (तृतीय श्रेणी कार्यपालिक) से अधिक है। प्रदेश में वर्ष 2007 से 2010 में व्यापम परीक्षा से संविदा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति नियमित पदो के विरूद्ध की गयी थी, इसके बाद विभाग में संविदा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति बंद कर दी गयी है,और 2014 से नियमित पदो पर निरंतर भर्ती की जा रही है। अतः प्रदेश में शेष बचे संविदा पर्यवेक्षकों को नियमित किया जाये, क्योंकि ये सभी व्यापम परीक्षा उत्तीर्ण है एवं 10 वर्षों से अधिक का विभागीय अनुभव भी प्राप्त है संविदा पर्यवेक्षकों को संविदा नियुक्ति दिनांक से ही नियमित वेतनमान एवं अन्य लाभ नियमित पर्यवेक्षकों की भांति प्रदान किये जायें। परियोजना अधिकारियों को आहरण संवितरण अधिकार पुनः देकर विकेन्द्रीकरण किया जाये। सन् 2016 से आहरण संवितरण अधिकारों को बिना किसी औचित्य के केन्द्रीकरण कर जिला अधिकारियों को दिया गया है, इसे समाप्त कर पुनः परियोजना स्तर पर दिया जावे। देश के अन्य सभी राज्यों में परियोजना अधिकारियों को डीडीओ दिया गया है एवं भारत सरकार की गाइडलाइन में भी परियोजना अधिकारियों को डीडीओ देने का प्रावधान है। परियोजना अधिकारियों को सामान्य प्रशासन, पुलिस, वित्त विभाग की तरह चार स्तरीय (टाइम स्केल) दिया जावे। पर्यवेक्षकों का नियमित प्रमोशन करके परियोजना अधिकारी के रिक्त पद भरे जायें। परियोजना अधिकारी के पदों पर 30 प्रतिशत पद सीधी से एवं 70 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरे जायें। वर्तमान में विगत 35 वर्षो से अनेक पर्यवेक्षक एक ही पद पर पदस्थ है। पर्यवेक्षक को सम्पूर्ण सेवाकाल में कम से कम 3 प्रमोशन दिये जाये। परियोजना अधिकारी के पद की अनुलपब्धता होने पर निर्धारित समय काल पूर्ण करने पर वरिष्ट पद का वेतनमान स्वीकृत किया जावे। विकासखण्ड सशक्तिकरण अधिकारी के पद नाम से ÷प्रभारी शब्द हटाया जावे एवं विकासखण्ड सशक्तिकरण अधिकारी के 313 स्वीकृत पदों को समर्पित करके उतनी ही राशि से हर जिले में सहायक संचालक ट्रेनिंग का पद सृजित किया जाये. इससे शासन पर कोई भी वित्तीयभार नही आयेगा एवं प्रमोशन चैनल खुलेगा।

# शिवपुरी पुलिस की वारंटियों के खिलाफ कार्यवाही



अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

**पुलिस थाना सीहोर द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के अपराध मे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे किया पेश**

शिवपुरी। नवांगत पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबोलिया एवं उनकी पुलिस टीम ने 2017 के शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाने के अपराध मे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मे पेश किया है । थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबोलिया को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाने का स्थाई वारंटी पंजाब रावत नरवर के बस स्टेण्ड पर है एवं कहीं फरार होने की फिराक मे है । थाना प्रभारी सीहोर द्वारा सूचना से बरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया एवं दिशा निर्देश प्राप्त कर पुलिस टीम के साथ मुखबुर के बताये स्थान पर रबाना हुये । बस स्टेण्ड नरवर जाकर देखा तो पंजाब रावत मिला जो पुलिस को आता देख भागने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया, उक्त आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना सीहोर पर वर्ष 2017 मे सहायक सेकेट्री से साथ मारपीट एवं शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाने की धाराओं मे अपराध पंजीबद्ध किया गया था । माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का स्थाई वारंट जारी किया गया था जिसे आज थाना प्रभारी सीहोर एवं उनकी टीम द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया है जहां से उक्त आरोपी को जेल भेज दिया गया है । उक्त कार्य मे थाना प्रभारी सीहोर उनि. मुकेश दुबोलिया, प्रआर. शमशेर सिंह, आर. विनोद कुमार, अरुण कुशवाह, आरचा. जसवंत सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

**नगरपालिका की अनदेखी**

# प्राचीन धरोहर को सेल्फी युग ने छिपाया

**अधिकारियों कि मिलीभगत से बगैर चिन्हित जगह पर बना दिया सेल्फी पॉइंट**

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे

*दमोह। नगर पालिका द्वारा शहर कि खूबसूरती बड़ाने और युवाओं को सेल्फी पॉइंट बनाने के लिए जिस स्थान को चुना गया था, उससे ना सिर्फ शहर कि प्राचीन धरोहर छुपती दिखाई दे रही थी। बल्कि किले कि सुंदरता पर ग्रहण जैसा दिखाई देने लगा था। वर्तमान कि स्थिति में पुरातत्व संग्रहालय देख रेख के कारण वैसे भी दयनीय स्थिति में है जबकि लाखों रूपए उस पर खर्च कर दिए गए है लेकिन किले के*





*ठीक सामने सेल्फी पॉइंट का निर्माण करके उसकी स्थिति और भी ड़राब हो जाएंगी। खबर प्रकाशित होने के बाद नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा सेल्फी पॉइंट को हटाने कि बात कही थी,लेकिन अधिकारियों और ठेकेदार कि मिलीभगत से सेल्फी पॉइंट को जस कि तस स्थिति में छोड़ दिया गया। जबकि लाखों रूपये खर्च करके बनाये जाने वाले इस सेल्फी पॉइंट को देखकर लोग आक्रोशित है और अब चर्चा करने लगे है कि अगर किले पर इतना पैसा खर्च कर दिया जाये तो निश्चित रूप से चौराहे कि डूबसूरती और अधिक बड़ जाएंगी। स्थानीय लोगों का कहना है सेल्फी पॉइंट पर सस्ती लाइट बायर से लेकर चारों तरफ सस्ती एलईड़ी का उपयोग किया गया है,जो ज्यादा दिन टिकने वाला नहीं है जबकि इस पर लाखों रूपये खर्च किये जा रहे है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही राहगीरों को पेड़ो कि छाँव को देखकर रुक जाते है और सेल्फी पॉइंट जहाँ लगाया गया है वहां भरपूर पेड़ पौधे लगे है जिस कारण लोग अब वहां आराम से बैठने लगे है और पॉइंट के ठीक सामने शहर को सप्लाई होने वाली पानी कि लाइन कि चाबी लगी है,जिससे वहां पर पानी का रिसाब होता रहता है।*



# लाड़ली बहना योजना में छह लाख से अधिक फार्म जमा हुए



**श्रीमती अंजलि सिंह बैस**
**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाडली बहना योजना में अभी तक छह लाख से अधिक फार्म भरे जा चुके है। किसी बहन को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़े ऐसी व्यवस्था की गई है। एमपीआनइन व सर्विस सेंटर में केवायसी के लिए 15 रुपये सरकार द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बहनों से कोई पैसे मांगे तो अंजाम बहुत बुरा होगा। बहनों से निवेदन है कि कोई भी पैसों की मांग करे तो हमें टोल फ्री नम्बर 181 पर पर शिकायत करे वैसे तो कोई पैसों की मांग नहीं करेगा ऐसा मेरा विश्वास है। कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाना हमारा लक्ष्य रहा है। अपराध और अपराध को रोकने के लिए नवाचार किया जा रहा है। बायोमेट्रिक मशीन पर अंगुठा लगाते ही अपराधी का पूरा रिकार्ड सामने आ जाएगा। ग्वालियर जिले में कम्युनिटी हॉल में नगर निगम कार्यालय वार्ड क्रमांक 16 में स्थित विक्रम सिंह अर्गल, सहयोगी मनोज कुशवाह द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना के फार्म समय सीमा में भरे गए। जिससे किसी बहन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इसके अलावा ई-केवायसी संदीप शर्मा के द्वारा सही बक्त पर की गई, संदीप शर्मा का समय पर कार्य करना सराहनीय है। समय पर कार्य करने से सभी बहनें आनंदित होकर अपने-अपने घर समय पर लौटी।

# भिण्ड नगर पालिका को नगर निगम बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकास यात्रा के दौरान नगर निगम बनाने की थी घोषणा, मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भेजकर सांसद संध्या राय एवं विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने धन्यवाद ज्ञापित किया, नगर की सीमा से जुड़ी ग्राम पंचायतों को नगर निगम सीमा में किया जाएगा शामिल

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**
भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिंड से प्रारंभ हुई संत रविदास जयंती विकास यात्रा की शुरुआत करते हुए जनता की मांग को पूर्ण करते हुए भिंड नगर पालिका को नगर निगम बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नगरीय निकाय मंत्रालय से विधायक को पत्र द्वारा सूचित किया गया है। नगर निगम बनाने के लिए सांसद श्रीमती संध्या राय ने लोकसभा सदन में केंद्रीय सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रस्ताव रखा था। जनता की लंबे समय से यह मांग चली आ रही थी जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने घोषणा को अमल में रखते हुए विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के लिए तत्काल निर्देशित किया।

अपर सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी पत्र में निर्देशित किया गया है कि राज्य की प्रशासनिक इकाइयों की सीमा के निर्धारण की तिथि 31 दिसंबर 2022 से बढ़ाकर 31 जून 2023 तक बढ़ा दिया गया है। समय सीमा में ध्यान में रखते हुए नवीन दिशा निर्देश के अनुसार अभिमत सहित प्रस्ताव 15 दिवस



की समय सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए हैं नगर पालिका में 39 वार्ड है,जिसे बढ़ाकर ग्राम पंचायतों को जोड़कर नगर निगम में शामिल होने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है ताकि भिंड का विकास आगे बढ़ाया जा सकेगा। भिण्ड विधायक संजीव सिंह के सतत प्रयास एवं मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप भिण्ड को नगर पालिका से नगर निगम बनाये जाने सम्बंधित शासन द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है 7 सर्वांगीण विकास की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण उपलब्धियां एवं योजनाओं के साथ नगर निगम बनने से आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा। भिंड का बाईपास टू लैंन की स्वीकृति मिली ,सांसद संध्या राय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय मूल्यांकन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय सांसद श्रीमती संध्या राय एवं विधायक श्री कुशवाह के अथक प्रयासों से भिंड जिले में एनएच 552 एक्सटेंशन पर एटर रीअलाईनमेंट और भिंड बायपास के 2- लेन पेब्ड सोल्डर शोलडर शहीद निर्माण को ईपीसी मोड 2022-23 की वार्षिक योजना के तहत 348.06 करोड़ रुपए की लागत के साथ स्वीकृत की गई है। उपरोक्त निर्णय भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय की अध्यक्षता में समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को लेकर दिशा निर्देशित किया गया था। सांसद श्रीमती राय ने केंद्रीय परिवहन मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी को पत्र लिखकर इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# लाड़ली बहना योजना का लाभ लेने हेतु महिलाएं उत्साहपूर्वक शिविरों में जाकर कर रही हैं आवेदन

**पंकज त्रिपाठी. दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**भिण्ड ।** प्रदेशभर में महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर उन्हें समाज एवं परिवार में सशक्त बनाने हेतु 25 मार्च से लाड़ली बहना

### प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना की जमकर हुई सराहना

योजना की पात्र महिलाओं के आवेदन पत्र भरने शुरू हो गये हैं। इसी क्रम में भिण्ड जिले के नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर लाड़ली बहना योजना के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं उत्साहपूर्वक शिविरों में जाकर आवेदन कर रही हैं। लाड़ली बहना योजना अंतर्गत आयोजित शिविरों में लाड़ली बहनों को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया जा रहा है। सभी केन्द्रों



में बिना किसी परेशानी के आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। पात्र महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करते हुए धैर्य पूर्वक लाड़ली बहना योजना के आवेदन जमा कर रही हैं। साथ ही समग्र ई - केवायसी को अपडेट करा रही हैं। महिलाओं के लिए शुरू हुई लाड़ली बहना योजना के ऑनलाइन फॉर्म जमा होने के बाद लाड़ली बहनों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है और प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना की जमकर सराहना कर रही हैं। साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कह रही हैं कि हमारे लाड़ले भैया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं की चिंता करते हुए प्रदेश की बहनों के कल्याण के लिए लाड़ली बहना योजना शुरू की है, उससे हम सभी बहनों को काफी लाभ मिलेगा और घर गृहस्थी को चलाने में अब काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना हम सब महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने का कार्य करेगी। महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार, समाज, प्रदेश एवं देश सशक्त होगा।

## थाना मौ जिला भिण्ड द्वारा बाहन चैकिंग के दौरान एक 315 बोर का देशी कट्टा व एक


# 315 बोर का जिन्दा राउण्ड सहित विधि विरुद्ध बालक को लिया अभिरक्षा में

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ वेताल सिंह गौड़**
श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय चम्बल जोन श्री सुशान्त सक्सेना एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री शैलेंद्र सिंह चौहान एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड श्री कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में अवैध हथियार व अवैध शराब पर कार्यवाही करने निर्देश दिये गये थे व श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री सौरभ कुमार एवं थाना प्रभारी श्री उदयभान सिंह यादव के मार्ग दर्शन में दिनांक 27/03/2023 को दौराने बाहन चैकिंग सेवढा रोड पर मौ तरफ को एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल आ रहा था जो पुलिस को देखकर सकपकाने लगा एवं भागने का प्रयास करने लगा संदेह होने पर हमराह फोर्स की मदद से घेर कर पकड़ा एवं जामा तलाशी ली तो उस व्यक्ति के पहने पेन्ट मे कमर पर बाये तरफ एक 315 बोर का देशी हाथ का बना कट्टा खुर्से मिला तथा कट्टे के चेम्बर मे चैक किया तो उसमे एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड लगा मिला। विधिविरुद्ध बालक के पास 315 बोर का देशी कट्टा व राउण्ड के सम्बन्ध मे कोई बैध दस्तावेज न होने से मौके पर समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर मौके पर विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लेकर विधि विरुद्ध बालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 75/2023 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया। विधि विरुद्ध बालक को आज दिनांक 28/03/2023 को माननीय किशोर न्यायालय भिण्ड मे पेश किया गया है। सराहनीय भूमिका - उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ के निरीक्षक उदयभान सिंह यादव, उनि अरविन्द सिंह यादव, उनि प्रवेन्द्र सिंह, सउनि हुकम सिंह चौधरी, आर 974 ओमवीर, आर 470 रंजीत सिंह, आर 897 सत्यप्रताप,आर 1111 गन्धर्व सिह गुर्जर आर 535 विनोद राजौरिया आर 564 अनिल कुमार, आर चालक 1372 अचित्र, सैनिक 100 जितेन्द्र सिंह, व्हीडीएस वीर सिह की सराहनीय भूमिका रही है।

# न्यायालय के न्याय पर मुझे पूरा भरोसा है : डॉ गोविंद सिंह

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह के मामले में कोर्ट ने ईडी को जारी किया नोटिस

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड , दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भोपाल । मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और ईडी को नोटिस जारी किया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कोर्ट में याचिका खारिज करने की मांग की थी । ईडी के द्वारा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह को दिये गए समन करने के प्रावधान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट परीक्षण करेगा। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने कहा कि मेरे खिलाफ भारत सरकार के दबाव में ईडी द्वारा मुझे बिना किसी कारण परेशान करने एवं बदनाम करने की नियत से नोटिस जारी किया गया था इसके विरुद्ध मैंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, सर्वोच्च न्यायालय में 3 जजों की बेंच में सुनवाई हुई नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि हमारी याचिका पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को 4 सप्ताह का नोटिस जवाब देने के लिए जारी किया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने अपने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल का धन्यवाद किया। डॉ सिंह ने कहा कि मुझे उम्मीद है मुझे न्याय मिलेगा देश में जो तानाशाही प्रवृत्ति चल रही है उस पर अंकुश लगेगा।

# राजस्थान प्रवासी समाज चुनावी हलचल

**पुष्पाजंली टुडे**
बेंगलुरू ~कर्नाटक में चुनावी हलचल को मद्देनजर रखते हुए रामे स्टरान्ड होटल सिगसन्द्रा में रविवार देर रात तक हुई राजस्थान प्रवासी समाज द्वारा हुई सभी समाज द्वारा सभा में बोम्मनहल्ली क्षेत्र से बीजेपी के लगातार 3 बार से विजय रह रहे विधायक सतीश रेडी,साथी आनन्द रेडी का प्रवासी समाज के सभी मुख्य सदस्यों द्वारा माला साफा साल पहनाकर भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात सभा को सम्बोधित करते हुए सतीश रेडी ने कहा कि मैं हर समय हर जगह तैयार रहता हूं और रहूंगा, मैं यही चाहुंगा कि आप और आपके साथी सभी मेरा साथ देवे सभी समाज भाइयों का आसवासन रहा बोम्मनहल्ली के सभी वार्ड होगसन्द्रा, बोम्मनहल्ली,एच एस आर ले आउट, एसीएम सीएस,देवरचिक्नहल्ली, बिलेकहल्ली, पुट्टनहल्ली, जरगनहल्ली वार्डो से इसमें उपस्थित सभी समाज के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव मौजूद रहे।इस कार्यक्रम में विशेष मुख्य अतिथि के रूप में बलेपेट बडेर के अध्यक्ष शोभाराम चोयल एस. एच. आर लेआउट बडेर के अध्यक्ष फाउलाल परिहारिया रहे। सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, छैलाराम, भुन्डाराम हामड़ ,धनराज देवलीया, केशाराम भाणां, मल्लाराम



पड़ाया, सुरेश कुमार कवाडिया, कानाराम दुबलदीया, भागीरथसिंह, लाबुराम, थानाराम, देवाराम आगलेचा, बाबूलाल, पप्पुराम, मिश्रीलाल, कानाराम सभी की उपस्थिति रही ।मंच का संचालक लक्ष्मण राम आगलेचा ने किया।

# दो अप्रैल को मनाया जाएगा नसरुल्लागंज का गौरव दिवस

## कलेक्टर श्री सिंह ने समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश, कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**सीहोर।** आगामी दो अप्रैल को नसरुल्लागंज में नगर का गौरव दिवस मनाया जाएगा। गौरव दिवस कार्यक्रम को हर्षोल्लास से मनाने एवं गौरव दिवस की सभी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का शामिल होना प्रस्तावित है। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही तथा समय पूर्व सभी तैयारिया पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कार्यक्रम में उन्होंने नागरिकों के बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आगमन, निर्गम, बैरिकेटिंग, पेयजल, यातायात, शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। बैठक में गौरव दिवस की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में श्री गुरुप्रसाद शर्मा, श्री रघुनाथ भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष श्री मारुती शिशिर, एसडीएम श्री दिनेश तोमर, नगर पालिका सीएमओ श्री विनोद प्रजापति सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम स्थल का दौरा भी किया।

# विशाल रक्तदान शिविर




**पुष्पांजलि टुडे, रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**
*पाली जिले के सादड़ी में रक्तदान महादान टीम सादड़ी की और से दूसरा विशाल रक्तदान शिविर सादड़ी में जनाना अस्पताल में सर्व समाज द्वारा विशाल रक्तदान शिविर 2 अप्रैल को रखा गया है डॉ राजेंद्र पूनिया साहब के नेतृत्व में आपके द्वारा दिया हुआ रक्त पूरे भारत में उपलब्ध कराया जाएगा ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर में पधारे प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल सादड़ी जिला प्रभारी संजय हीरागर।*

# पुरस्कार वितरण समारोह में मेजर विषय की किताब का विधायक श्री राय ने किया विमोचन



सीहोर। शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. कलिका डोलस ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री सुदेश राय थे तथा विशेष अतिथि अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमन रोहिला एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की सांसद प्रतिनिधि डॉ.बरखा वर्मा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के डॉ. जी. एल. जैन ने की। इस अवसर पर डॉ. जैन ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों से अतिथियों को अवगत कराया। समारोह का मुख्य आकर्षण विधायक सुरेश राय द्वारा पुस्तक का विमोचन रहा। इस अवसर पर डॉ. कलिका डोलस द्वारा नई शिक्षा नीति के नवीन पाठ्यक्रम अनुसार गृह विज्ञान विषय की मेजर प्रश्न पत्र की प्रथम प्रश्न पत्र के किताब पारिवारिक संसाधन प्रबंधन एवं गृह कला का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। इसके साथ ही डॉ. जैन द्वारा लिखी गई एवं संपादित की गई किताब कार्यालय हिंदी का भी विमोचन किया गया। वार्षिकोत्सव में संपन्न विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं तथा नृत्य, गीत, रंगोली, मेहंदी, केश सज्जाए, सलाद सज्जा आदि की विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। डॉ. कलिका ने बताया कि यह बात उल्लेखनीय है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। अत~ वार्षिकोत्सव में इसी थीम पर व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, कंगनी आदि से निर्मित व्यंजन विधियाँ तैयार की जिसे निर्णायकों द्वारा अत्यधिक सराहा गया। अकादमिक गुणवत्ता के तहत विगत् वर्षो में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही युवा उत्सव में सहभागिता कर जिले में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय की छात्रा कुमारी मानसी वर्मा को कार्टूनिंग विधा में विश्वविद्यालय स्तर पर सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व कर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विशेष पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर यूजीसी नेट परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर श्वेता मालवीय तथा रचना एवं शिवानी को मध्य प्रदेश पुलिस में चयन होने पर प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही अनुष्का शर्मा को मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप के ब्रांड एंबेसडर होने के लिए भी प्रतिभा सम्मान दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी रवि बिरहा को राज्य स्तर पर लॉन टेनिस में विजयी होने पर पुरस्कृत किया गया। साथ ही वर्ष भर की क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कृत एवं ट्रैकसूट भी प्रदान किये गये। अधिकारी कर्मचारियों की खेल प्रतियोगिता में विजेता डॉ.भारती सक्सेना एवं उपविजेता डॉ. कलिका डोलस रहे। इस अवसर पर सीएम हेल्पलाइन में अच्छा काम करने के लिए श्री विकास को तथा छात्रवृत्ति का कार्य करने के लिए अर्चना सेंगर को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जया शर्मा द्वारा किया गया एवं अंत में समस्त अतिथियों का आभार प्रदर्शन वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह प्रभारी डॉ. कलिका डोलस द्वारा किया गया। इस समारोह में यशवी शुक्ला, आस्था दिनकर, सुहानी किंगर तथा अनुष्का शर्मा की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, अतिथि विद्वान, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जल प्रबंधन में सुधार से दूर होगा संकट

यहां हमें बड़े सवालों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है- हमारे संस्थानों की तत्परता तथा मजबूती, हमारी शासन प्रबंध की गुणवत्ता व उन मानसिकताओं पर जिनके साथ ये प्रणालियां आम आदमी तक पहुंचने के लिए काम करती हैं और जो इस प्रणाली से फायदा उठाने वाले लोगों की छुट्टी करने के लिए काम करती हैं। अब समय आ गया है कि सुधारों के किसी भी नए दौर को शुरू करने से पहले हम इन प्रणालियों में से सबसे बड़ी पद्धति को देखें।

इस समय देश सेवानिवृत्त लोगों को तयशुदा लाभ प्रदान करने वाली नई पेंशन योजना बनाम पुरानी योजना के गुणों पर एक अंतहीन बहस में व्यस्त है। विभिन्न मानदंडों के आधार पर नए समूहों के लिए आरक्षण और कोटा के मुद्दे पर भी बहुत खींचतान है। इसके अलावा सरकार को जवानों को कम अवधि के लिए काम पर रखने की योजना पर फिर से काम करने के लिए गंभीर दबाव का सामना करना पड़ा है। इनमें से प्रत्येक में और इसी तरह की कई अन्य स्थितियों में इस बात को लेकर तनाव है कि नकदी की कमी से जूझ रही सरकार को कभी न खत्म होने वाले आधार पर समाधान और वेतन देने के लिए कहा जा रहा है जो उन दिनों की याद दिलाता है जब सरकारों को सहायक के रूप में काम करने के बजाय प्रदाताओं के रूप में देखा जाता था। %राजकोषीय विवेक पर प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद हावी है।

आर्थिक सुधारों से यह अपेक्षा थी कि यह स्थिति बदलनी चाहिए लेकिन जिस तरह से हमारे सुधारों की शुरुआत हुई है उसे देखते हुए स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं हुआ है। इसलिए अब हम %दूसरी पीढ़ी% के सुधारों के बारे में सुन रहे हैं- अधिक खुलेपन, सेवाओं से सरकार



की अधिक वापसी और उदार ढांचे के तहत निजी कंपनियों पर अधिक निर्भरता होगी। फिर भी, एक आसान सा मूल सवाल जो अभी भी पूछा नहीं गया है कि जब डॉ. मनमोहन सिंह जैसे अनुभवी अर्थशास्त्री की निगरानी में चलाया गया सुधार का पहला दौर पूरी तरह से सफल नहीं हो पाया तो हमें क्यों लगता है कि आर्थिक सुधारों का द्वितीय संस्करण किस तरह सफल होगा?

यहां हमें बड़े सवालों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है- हमारे संस्थानों की तत्परता तथा मजबूती, हमारी शासन प्रबंध की गुणवत्ता व उन मानसिकताओं पर जिनके साथ ये प्रणालियां आम आदमी तक पहुंचने के लिए काम करती हैं और जो इस प्रणाली से फायदा उठाने वाले लोगों की छुट्टी करने के लिए काम करती हैं। अब समय आ गया है कि सुधारों के किसी भी नए दौर को शुरू करने से पहले हम इन प्रणालियों में से सबसे बड़ी पद्धति को देखें और उन्हें सुधार कर फिर से तैयार करें या ठीक करें। आखिरकार किसी भी प्रणाली की जड़ में सुशासन है जो अपने सभी सदस्यों के लाभ के लिए काम करता है। यह बात छोटे समूहों के लिए भी उतनी ही सच है जितना कि यह एक बड़े समाज या एक राष्ट्र-राज्य के लिए है। आज हमारे शासन के लिए तय किये गए मानकों पर कई सवाल हैं जो हमें आज के एक बड़े सवाल की ओर ले जाते हैं- क्या हमने भारत के 75 साल पहले एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने और खुद को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में गठित करने के समय किए गए वादों को पूरा किया है?

डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान सभा में ठीक ही कहा था- ... संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, जिन लोगों को उस पर काम करने के लिए बुलाया जाता है यदि वे बहुत बुरे होते हैं तो उसका बुरा होना निश्चित है। संविधान कितना भी खराब क्यों न हो अगर जिन लोगों को उस पर काम करने के लिए बुलाया जाता है, वे बहुत अच्छे होते हैं तो वह अच्छा साबित हो सकता है।% उसी भाषण में उन्होंने %नायक पूजा और अराजकता का व्याकरण% तथा सामाजिक और आर्थिक जीवन में सर्वव्यापी असमानता की वास्तविकता के मद्देनजर संविधान में लिखी गई समानता के खतरों के खिलाफ चेतावनी दी थी। इतने वर्ष गुजरने के बाद भी हम इन खतरों से किस तरह निपट रहे हैं? क्या सुशासन के हमारे मानकों को मजबूत किया जा रहा है या वे उस स्तर से पीछे हैं और हमें विफल कर रहे हैं? इस बात की व्यापक और निष्पक्ष समीक्षा करना उपयोगी हो सकता है कि देश को एक करने के लिए हमारे संविधान के घोष वाक्य- न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व प्रदान करने के मामले में स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद राष्ट्र कहां खड़ा है। उन समतावादी मूल्यों के प्रभावी ढंग से लागू करने के सबसे महत्वपूर्ण संस्थान न्यायपालिका, नागरिक प्रशासन और देश की कानून और व्यवस्था प्रणालियां हैं। न्यायपालिका को ही ले लीजिए! भारत में अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित पड़े मामलों को देखते हुए यह कहावत सही साबित होती है कि न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है। न्याय प्रदान करना महंगा है और कम आय वाली विशाल आबादी को देखते हुए न्याय की मांग करना और अधिक महंगा हो रहा है। न्यायिक व्यवस्था से संपर्क करना और इस अधिकार को सुरक्षित करना तो दूर की बात है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड में लंबित मामलों का डैशबोर्ड है। यह बता रहा है कि देश की अदालतों में 4.27 करोड़ मामले लंबित हैं। मार्च, 2023 तक के आंकड़ों के मुताबिक इनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मामले एक वर्ष से अधिक पुराने हैं। नागरिक प्रशासन की बात करें जो नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जीवन, आजीविका और अवसरों की सुविधा प्रदान करता है। नागरिक प्रशासन की कार्यप्रणाली से आम आदमी व्यथित है। यह स्पष्ट है कि %अमीरों% को पर्याप्त संसाधन तथा अवसर मिलते हैं जबकि %वंचितों% को समान व्यवहार के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। यह बात जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसी सामाजिक संरचना प्रदान करने के साथ-साथ व्यवसाय तथा पेशे को आगे बढ़ाने के मामले के लिए भी लागू होती है। मुंबई जैसे तड़क-भड़क वाले शहरी केंद्रों में भी झुग्गी और गैर-झुग्गी आबादी के बीच सुविधाओं का असंतुलन दिखता हैं। गरीब स्पष्ट रूप से पानी, स्वच्छता, सड़कों आदि में पर्याप्त सेवाओं की कमी जैसे मसलों के साथ और कई अन्य अदृश्य तरीकों से पीड़ित हैं। इसी तरह पुलिस प्रशासन द्वारा आम आदमी के साथ जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाने वाला व्यवहार असमान है। साधनसंपन्न चालाक और पैंतरेबाज़ लोग अक्सर अपराध करने के बावजूद, यहां तक कि जघन्य अपराधों में भी सजा पाने से बच जाते हैं जबकि सामान्य व्यक्ति को दर्व्यवहार और उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है।

## संपादकीय

# कोविड संग जीना

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण की दस्तक चिंता का सबब है। पिछले चौबीस घंटे में एक हजार से कुछ कम नये संक्रमितों का पता चला तथा महाराष्ट्र व गुजरात में दो-दो मौतों की बात कही जा रही है। संक्रमण पिछले पांच महीनों में सबसे ज्यादा है। कुल संक्रमितों की संख्या साढ़े नौ हजार व दैनिक संक्रमण दर 1.56 बतायी जा रही है। हालांकि देश में अब तक 220.65 करोड़ कोविड रोधी टीके की खुराकें लगायी जा चुकी हैं। जिसने देश को नया आत्मविश्वास दिया है। लेकिन बूस्टर डोज के प्रति उदासीनता चिंताजनक है। दरअसल, कोरोना के नये सब वेरिएंट एक्सबीबी 1.16 को बढ़ते संक्रमण का कारण बताया गया है। ज्यादातर मामले महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, दिल्ली व कर्नाटक में दर्ज किये गये। स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों को हालात पर नजर रखने व टेस्टिंग बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय व आईसीएमआर की संयुक्त एडवाइजरी के मुताबिक कोरोना से बचाव की तैयारी के लिये दस व ग्यारह अप्रैल में पूरे देश में मॉक ड्रिल करने की योजना बनायी गई है। दरअसल, कोविड संक्रमण के साथ ही इन्फ्लूएंजा एच3एन2 के मामलों में वृद्धि भी चिंता बढ़ा रही है। विशेषज्ञों की राय है कि कोविड से जुड़े सभी प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित हो। साथ ही बूस्टर डोज लेने की सलाह भी दी जा रही है। संक्रमण की एक वजह मौसम में बदलाव भी बताया जा रहा है।दरअसल, पुराने अनुभव के अनुरूप मास्क लगाने, भीड़भाड़ से बचने, खांसते समय मुंह ढकने तथा सेनिटाइजर के उपयोग पर बल दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत में जहां संक्रमण की दर एक फीसदी है, वहीं अमेरिका में उन्नीस व रूस में बारह फीसदी है। इस बाबत हुई बैठक में प्रधानमंत्री ने टेस्टिंग व जिनोम सिक्वेंसिंग बढ़ाने पर जोर दिया है। खासकर सांस संबंधी बीमारी से पीड़ितों के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरतने की बात कही गई है। दरअसल, यह एक हकीकत है कि कोविड का वायरस हमारे परिवेश में लगातार नये रूप बदलकर दस्तक देता ही रहेगा, अत- हमें कोविड के साथ जीने की आदत डालनी होगी। ऐसे में जरूरी है कि हम सजगता से कोविड से बचाव के उपयुक्त व्यवहार का पालन करें। सरकार इसकी जांच, उपचार व जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। विशेषज्ञ कह रहे हैं कि देश में सफल टीकाकरण के चलते अब अस्पताल में भर्ती होने व मरने वालों की संख्या में पहले जैसी वृद्धि नहीं होगी।

# रक्षा प्राथमिकताएं

ऐसे वक्त में जब दुनिया में युद्ध लगातार हाईटेक होते जा रहे हैं, और चीन व पाकिस्तान की तरफ से निरंतर प्रतिरक्षा संबंधी नई-नई चुनौतियां मिल रही हैं, हमें अपनी रक्षा तैयारियों में किसी भी तरह की ढील नहीं देनी चाहिए। इसके लिये उन्नत तकनीक वाले हथियारों से सेना को तुरंत लैस करने तथा रक्षा परियोजनाओं के लक्ष्य भी समय से पूरा करने की सख्त जरूरत है। रक्षा मामलों पर संसद की स्थायी समिति द्वारा बीते मंगलवार को लोकसभा में पेश की गई रिपोर्ट में ऐसी तमाम चिंताओं का जिक्र किया गया है। समिति भारतीय सेना के सामने विद्यमान चुनौतियों का विस्तृत उल्लेख करती है। रिपोर्ट में चिंता व्यक्त की गई है कि वायु सेना को आपूर्ति के लिये हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तैयार किये जा रहे तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एलसीए की सप्लाई में देरी हुई है। वायुसेना की जरूरतों को देखते हुए सरकार को आगाह किया गया है कि बिना अधिक समय गंवाए पांचवीं पीढ़ी के अत्याधुनिक लड़ाकू विमान खरीदने पर तुरंत विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, ये आधुनिक विमान थल सेना को हवाई सहायता, नजदीकी युद्ध और जमीनी हमलों से देश को सुरक्षित करने की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हैं। यहां उल्लेखनीय है कि एक अन्य संसदीय पैनल ने भी इस समस्या की ओर दो साल पहले ध्यान दिलाया था। पैनल का कहना था कि हितधारकों के बीच समन्वय की कमी और निगरानी एजेंसियों के द्वारा समय सीमा निर्धारित करने के लिये ढुलमुल दृष्टिकोण के चलते तेजस प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन में विलंब हुआ है। यह स्वीकार्य नहीं है कि प्रमुख लड़ाकू जेट के डिजाइन, सिस्टम और हथियारों को उन्नत बनाने के मुद्दे में अनावश्यक विलंब हो। निस्संदेह, ऐसी महत्वपूर्ण परियोजना में विलंब से जहां लागत बढ़ जाती है, वहीं समय की चुनौती का मुकाबला करना कठिन हो जाता है। ऐसे में नियामक तंत्र को सजग, सचेत और समय पर आपूर्ति के लिये क्रियाशील रहने की जरूरत है।


इसमें दो राय नहीं कि चारों दिशाओं से देश की घेराबंदी करने वाले चीन और हमेशा भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त रहने वाले पाकिस्तान की चुनौती को देखते हुए हमें हर समय उच्च स्तर की रक्षा तैयारियां बनाये रखने की आवश्यकता है। यही वजह है कि संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि चीन व पाकिस्तान की चुनौती को देखते हुए सेना के पूंजीगत बजट को अविलंब बढ़ाया जाये। सीमा पर लगातार उपस्थित खतरे के चलते ऐसा करना अपरिहार्य ही है। निस्संदेह, हर तरह से सेना की क्षमता बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

# दृढ़ संकल्प से ही चमत्कारिक सफलता

प्रेरक वक्ता निक वुजिसिक का कहना है कि, 'अगर आपके साथ चमत्कार नहीं हो सकता तो खुद एक चमत्कार बन जाइए।' निक वुजिसिक का जन्म बिना हाथ-पैरों के हुआ था। ऐसे में एक सामान्य जीवन कैसे जिया जा सकता है, इस बात को सहज ही समझा जा सकता है। लेकिन निक वुजिसिक ने अपने दृढ़ संकल्प से न केवल सामान्य जीवन जिया, अपितु ऐसी सफलता प्राप्त की जो विरलों को ही प्राप्त होती है। दृढ़ संकल्प प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का अंग बन सकता है। उसके लिए अपने तन-मन को मजबूत बनाना पड़ता है।

तन-मन को मजबूत बनाने के लिए तैतरीय उपनिषद के शांति पाठ को पढ़ा जा सकता है। यह पाठ दृढ़ संकल्प विकसित करने का बहुत ही अच्छा स्रोत है। इसमें ऋषि त्रिशंकु की आध्यात्मिक अनुभूति की अभिव्यक्ति है। इस पाठ का सार है कि, 'मैं सांसारिकता के इस वृक्ष को निर्मूल करने वाला हूं। मेरी महिमा शैलशिखर से भी अधिक ऊंची है। मेरी प्रज्ञा स्वर्ग को प्रकाशित करने वाले सूर्य से भी अधिक ज्योतिर्मय है। मैं अमरता का जीवंत स्वरूप हूं। मेरी श्री, समृद्धि और वैभव चमकती हुई निधि है। मेरी बुद्धि अमरत्व के जल से परिशुद्ध हो चुकी है।'

दृढ़ संकल्प के चमत्कार विश्व में हमेशा होते रहे हैं। यदि हम विश्व में घटित 23 जून, 2018 से 10 जुलाई, 2018 तक का इतिहास खंगालेंगे तो थाम लुआंग नैंग नॉन गुफा में फंसे उन फुटबॉल खिलाड़ियों की छवियां आंखों के आगे घूम जाएंगी। जिन्होंने अपने दृढ़ संकल्प से मृत्यु को हरा दिया और जीवन पर जीत दर्ज की। उस दौरान कोच एकापोल, गोताखोर जॉन वोलैंथन, रिक स्टैंनन, समन कुनन, डॉ. रिचर्ड हैरिस, डॉ. क्राइग कालेन, एरिक ब्राउन, भारत से किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड के विशेषज्ञ एवं विश्व के अन्य दिग्गज लोगों ने अपने प्रयास, संघर्ष, हौसले, मेहनत और योग्यता से जीवन सत्य साबित किया। सत्य यह है कि जब आप मैदान छोड़ने से मना कर देते हैं, हारने से मना कर देते हैं, बाधाओं का डटकर सामना करने के लिए खड़े हो जाते हैं तो हर मुश्किल को मुंह छिपाकर भागना ही पड़ता है। फिर वह मुश्किल चाहे मौत के वेश में ही क्यों न हो। चमत्कार का अप्रत्यक्ष नाम दृढ़ संकल्प और मेहनत ही है। किसी भी प्रसिद्ध व्यक्ति के जीवन को देखा जाए तो शायद ही कोई ऐसा व्यक्तित्व मिले जिसे अपने जीवन में असफलता का सामना न करना पड़ा



हो। जीत उनको मिली जो थककर बैठे नहीं, बल्कि तनिक विश्राम कर निरंतर धीरे-धीरे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।

श्रीलंका के मार्वन अटापट्टू सफल क्रिकेटर्स में से एक हैं। वे अपने जीवन का पहला टेस्ट खेल रहे थे और अपनी पहली ही इनिंग में वे शून्य पर आउट हो गए। दूसरी इनिंग में जीरो पर आउट हो गए। यह देखकर टीम सलाहकारों ने उन्हें शृंखला से बाहर कर स्वदेश वापस भेज दिया। शृंखला के बीच में अटापट्टू को लौटते हुए देखकर घरवालों ने उन्हें दिलासा दी और हार न मानने को कहा। इसके बाद करीब 21 महीनों तक घरेलू क्रिकेट खेलने के बाद उन्हें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अवसर मिला। वह बेहद उत्साहित होकर शृंखला खेलने के लिए आए। लेकिन उस शृंखला के पहले मैच की पहली इंनिग में वह फिर से शून्य पर आउट हो गए। अगली इनिंग में उन्होंने केवल एक रन बनाया। टीम ने उन्हें फिर से शृंखला से बाहर कर दिया। जब वे घर लौटे तो इस बार घरवालों ने उन्हें सांत्वना तो दी लेकिन साथ ही यह भी कहा कि क्रिकेट में उनका भविष्य लचर है, इसलिए उन्हें अपने लिए कोई दूसरा विकल्प तलाश लेना चाहिए। घरवालों की बात सुनकर अटापट्टू बोले, 'क्रिकेट मेरे लिए केवल शौक या विकल्प नहीं है, बल्कि जीवन है। इसलिए यदि मैं क्रिकेट नहीं खेलूंगा तो जीवित भी नहीं रह पाऊंगा।' यह सुनकर घरवाले चुप हो गए। इसके बाद वह घरेलू क्रिकेट में फिर से लौटे, वहां उन्होंने 19 महीने संघर्ष किया। फिर टेस्ट क्रिकेट में वापसी की। लेकिन परिणाम फिर से वही रहा। जीरो पर आउट। अटापट्टू इस बार थोड़ा निराश हुए लेकिन हारे नहीं। मीडिया ने उनके बारे में लिखना शुरू कर दिया कि, 'वे अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए बने ही नहीं हैं। इसलिए वह टॉप क्लास के बॉलर को फेस नहीं कर पा रहे हैं।'

अटापट्टू अच्छे-खासे पढ़े-लिखे थे। वे चार्टर्ड एकाउंटेंट थे। इस बार घरवाले स्पष्ट बोले, 'क्रिकेट के भूत को उतार दो और अपने कॅरिअर में ध्यान लगाओ।' अटापट्टू ने फिर से उनकी नहीं सुनी और बोले, 'मुझे क्रिकेट में ही कॅरिअर बनाना है।' इस बार फिर से उनके पास टेस्ट कॉल आया। इस टेस्ट में इस बार उन्होंने 50 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक अनगिनत रिकॉर्डों की ऐसी झड़ी लगा दी कि वही मीडिया जो उन्हें बोलता था कि वे अंतर्राष्ट्रीय मैंचों के लिए नहीं बने हैं, उन्होंने उनके बारे में लिखा कि, 'दुनिया का कोई क्रिकेटर ऐसा नहीं है जो मार्वन अटापट्टू के रिकॉर्डों को ध्वस्त कर सके।'

इस तरह वे न सिर्फ श्रीलंका के लिए मिसाल बने बल्कि प्रत्येक उन हारे हुए व्यक्तियों के लिए मिसाल बने जो अनगिनत असफलताओं से टूट कर चूर हो जाते हैं।

# प्रदेश व देश में लौह पुरूष व हरियाणा निर्माता के रूप में जाने जाते है चौ. बंसीलाल

## पूर्व मुख्यमंत्री की पुण्यतिथि पर विशेष

- अमित वालिया,लोहारू

पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल की पुण्यतिथि पर प्रदेशभर में राजनेताओं, सामाजिक संगठनों व उनके समर्थकों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त हरियाणा-पंजाब के तत्कालीन महेंद्रगढ़ जिले के गोलागढ़ गांव के रेतीली धरती से उठकर साधारण किसान के घर से जन्म लेकर पहले मुनीम, फिर वकील व बाद में मुख्यमंत्री व केंद्र में रक्षा मंत्री, रेल मंत्री सहित अनेक बडे मंत्रालयों में अपनी ईमानदारी व काबिलियत के बल पर धाक जमाने वाले स्व. चौ. बंसीलाल की छाप आज भी लोगों के दिलों में विराजमान है। प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान देने वाले चौ. बंसीलाल ने पूरे हरियाणा की जनता को अपना परिवार माना तथा भाई भतीजावाद की लीक से परे हटकर आम आदमी को आधारभूत सुविधाएं प्रदान की। प्रदेश में सड?ों का जाल बिछाने की बात हो या फिर दक्षिणी हरियाणा के रेगिस्तानी क्षेत्र में नहरों व बिजली लाईनों का जाल बिछाने का कारनामा, हर क्षेत्र में प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्प चौ. बंसीलाल ने सदैव विकासपरक व स्वच्छ राजनीति की जो मिसाल कायम की उसी के बलबूते पर देश व विदेश में लोग हरियाणा को बंशीलाल का हरियाणा के नाम से जानने लगे। उनकी विकासपरक नीतियों व हरियाणा निर्माण में उनके योगदान को देखते हुए ही उन्हें हरियाणा निर्माता की संज्ञा दी गई तथा प्यार से लोग उन्हें बाऊजी कहकर पुकारते है।

हरियाणा के भिवानी जिले के गांव गोलागढ़ में एक साधारण किसान मोहर सिंह के घर पर 26 अगस्त 1927 को जन्मे चौ. बंसीलाल की प्रारंभिक शिक्षा भिवानी में ही संपन्न हुई। इसके बाद उनकी वकालत की पढ़ाई तत्कालीन लाहौर में हुई। उनके शिक्षण काल में ही उनका विवाह विद्यादेवी से हुआ तथा उनके सुरेंद्र व रणबीर के रूप में दो पुत्र व चार लडकियां सरोज सिवाच, सुनीता देवी आईएएस, सुमित्रा देवी व सविता देवी है जो उच्च पदों पर कार्यरत रही।




प. नेहरू व सरदार वल्लभ भाई पटेल से हुए प्रभावित-

चौ. बंसीलाल ने लोहारू अनाज मंडी जो उस समय एक प्रख्यात मंडी हुआ करती थी, से अपना कारोबार आरंभ किया लेकिन 1955 में भिवानी में वकालत के दौरान उनकी मुलाकात पूर्व प्रधानमंत्री प. जवाहरलाल नेहरू व गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल से हुई। इसके बाद उनकी रूचि राजनीति में जागृत हुई तथा उन्होंने वकालत छोड़कर कांग्रेस की सभाओं में भाग लेना आरंभ कर दिया। उनके राजनीतिक कौशल से प्रभावित होकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 1960 में उन्हे सांसद के रूप में राज्यसभा भेज दिया। इस प्रकार चौ. बंसीलाल के राजनीतिक सफर की शुरूआत देश की सबसे बडी पंचायत से हुई। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड?र नही देखा तथा राज्यसभा सांसद के रूप में उन्होंने क्षेत्र में विकास, रोजगार व मूलभुत सुविधाओं में भेदभाव का मामला पुरजोर उठाया तथा हरियाणा का अलग प्रदेश बनाने की जोरदार पैरवी की जिस पर 1 नंवबर 1966 को पंजाब से अलग कर हरियाणा को अलग प्रदेश बना दिया गया व प्रदेश की बागड़ोर प. भगवत दयाल शर्मा को सौंपी गई। उनकी अगुवाई में 1967 में बंसीलाल ने तोशाम विधानसभा से चुनाव जीतकर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में विराजमान हुए। चौ. बंसीलाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद देश व प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया तथा नेताओं को चिंता सताने लगी कि एक अनुभवहीन नए नेता को प्रदेश की बागडोर संभाल देने से प्रदेश का भविष्य खतरें में पड़ जाएगा लेकिन कम समय में ही पंजाब की मशीनरी को हरियाणा में लगाकर प्रदेश में नहरों, सड?ों व बिजली लाईनों का जाल बिछाकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रदेश में किए गए विकास कार्यो से उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती ही चली गई तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, राजीव गांधी सहित अनेक राष्टीय नेता उनके नेतृत्व में विश्वास जताने लगे। 1 दिसंबर 1975 को वे भारत के रक्षामंत्री व 1984 में वे रेलमंत्री बने तथा उनके कार्यकाल में सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए गए व हरियाणा, पंजाब व राजस्थान में रेललाईनों का जाल बिछ्वाया गया। इसके बाद उन्हें 1986 में कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा की बागड़ोर पुन- सौंप दी। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि उन्होंने 1996 में हरियाणा विकास पार्टी का गठन किया व अपने दम पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में विराजमान हुए। प्रदेश व देश में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने जापान, अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान सहित अनेक देशों की यात्राएं की तथा वहां की परियोजनाओं को हरियाणा में लागू करने का प्रयास किया। दक्षिण हरियाणा के खेतों में ईख व धान उगाने के लिए एसवाईएल का पानी लाने का उन्होंने आजीवन प्रयास किया। वर्ष 2005 में पुत्र सुरेंद्र सिंह की विमान हादसे में मौत के बाद चौ. बंसीलाल पूरी तरह से टूट गए तथा पुत्र वियोग ने उन्हें पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। चौ. सुरेंद्र सिंह की मौत के एक वर्ष बाद ही 28 मार्च 2006 को उनका भी निधन हो गया। चौ. बंसीलाल की छाप आज भी हरियाणा के आमजन के मानस पटल पर विद्यमान है तथा विरोधी भी उनके राजनीतिक जीवन व राजनीतिक प्रयासों के कायल है। आज भले ही पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल हमारे बीच नही है लेकिन देश व प्रदेश में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यो को याद कर आज भी प्रदेशवासियों की आंखें नम हो जाती है।

## एक नजर...

### दबोह नगर में चोरों के हौसले बुलंद एक ही रात में दो जगह चटकाए ताले

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह। दबोह नगर में चोरों ने अपनी दस्तक देकर कई चोरियों को अंजाम दे दिया है।सोमवार की बीती रात चोरों ने एक ही रात में दो जगह ताले चटका कर पुलिस को चुनौती दे दी है।पहली चोरी विजय सर्राफ तथा दूसरी चोरी हाई स्कूल गेट के पास एक दुकान को अपना निशाना बनाया।पुलिस के अनुसार अनीस शाक्य पुत्र चेतराम शाक्य उम्र 31 साल ने बताया कि मेरी दबोह में एक मोवाइल की दुकान है। उस दुकान से अज्ञात चोर मोवाइल,चार्जर,सहित करीब 70 हजार का माल ले गए हैं।बता दे कि इसके पहले चोरों ने भिंड भांडेर रोड पर विजय सर्राफ की दुकान के ताले भी तोड़े पर घर बालो के जाग जाने पर वहां से कोई सामान नही ले जा पाए और भाग खड़े हुए।इस चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।इसके पहले भी चोरों ने पोस्ट आफिस बाली गली में भी एक दुकान और एक मकान को अपना निशाना बनाया था। नगर में चोरों के इतने हौसले बुलंद हैं कि विजय सर्राफ के ताले तोड़ने में करीब 25 से 30 मिनिट तक का समय लगा और इस बीच रोड पर ट्रैफिक चलता रहा मगर चोर बेफिक्र होकर ताले तोड़ते रहे।फिलहाल दबोह पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर लिया है बताया जाता है कि चोरों की चार बताई जा रही है।

### व्याप्त समस्याओं के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



गोहद । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष गुर्जर के नेतृत्व में गोहद विधानसभा में व्याप्त समस्याओं जैसे राजस्व विभाग में नामांतरण बटवारा, बिजली विभाग द्वारा मनमाने बिल, गोहद में बंद पडे पुराना पुल, ओलावृष्टि मुआवजा एवं ओवर लोडिंग को लेकर एसडीएम गोहद को ज्ञापन दिया। जिसमें प्रमुख रुप से जिला महामंत्री राजीव कौशिक कार्यकारी ब्लॉकअध्यक्ष गणेशराम शर्मा, नगर अध्यक्ष विजय टोनी मुद्गल, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहौर, देवी सिंह तोमर, मोहन सिकरवार, कैलाश माहौर, प्रमोद शुक्ला, विर्जेन्द यादव, केशव देशाई , केदार कौशल, रघुवीर कोहली, रमजानी खान, महेश कौशल, विजय निगम, धुआं राम माहौर, कमलेश गुर्जर, द्वरिकाप्रसाद खन्ना, महावीर जाटव, कल्ला गुर्जर, ओमी माहौर, नरेश तोमर, दिनेश तोमर, बृजेश चौरसिया, महावीर जाटव, दिवाकर पंडा,पिंकी उच्चाडिया, रामअख्तयार गुर्जर,साकिर अली खान, कैलाश जाटव, बबलू बरैया,बल्लू खान, तहसील शाह,रवि कुशवाहा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोमोजी महाराज का 11 वां वार्षिक महोत्सव मेला

**पुष्पांजलि टुडे - रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**




पाली जिला स्थित - ग्राम गुड़ा मोकमसिंह में डोलीवीर मोमोजी महाराज का वार्षिक मेला 30 मार्च को भरेगा । गुड़ा मोकमसिंह और गुड़ा केसरसिंह गांव के बिच वेरा डोली सड़क किनारे स्थित डोलीवीर मोमोजी महाराज मेले की पूर्व संध्या पर एक शाम मोमोजी महाराज के नाम वार्षिक भजन संध्या 29 मार्च को होगी भजन संध्या मेला और महाप्रसादी की तैयारियों को लेकर मेला समिति भक्त और समस्त ग्रामीण जूठे हैं। यह जानकारी डोलीवीर मोमोजी महाराज के उपासक उमेदसिंह जी राजपुरोहित ने दी ।

### मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से की

**पंकज त्रिपाठी दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में समाधान ऑनलाइन सी.एम. हेल्पलाईन प्रकरणों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस दौरान एनआईसी कक्ष भिण्ड से कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, एडीएम जयप्रकाश सैयाम, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने शा.प्रा. विद्यालय मेहदा एवं गौरई का किया निरीक्षण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मनोज सरियाम द्वारा जनपद रौन अंतर्गत पी.एम. पोषण का शासकीय प्राथमिक



विद्यालय मेहदा एवं गौरई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शा.प्रा.वि.मेहदा में कुल दर्ज छात्र संख्या 94 के विरूद्ध केवल 07 छात्र-छात्रायें मौके पर उपस्थित होकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण कर रहे थे। मध्यान्ह भोजन में मीनू अनुसार पाया गया। इसी प्रकार शा.प्रा.वि.गौरई में निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन बंद पाया गया तथा रसोईया उपस्थित नहीं मिले। प्रधान अध्यापक असलम खान अनुपस्थित पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए।

# आम आदमी पार्टी ने किया नपा का घेराव अनुविभागीय अधिकारी को दिया ज्ञापन

## नगरपालिका कर्मचारी नगरपालिका में नहीं बल्कि अन्य जगह करते है काम- आम आदमी पार्टी

**पुष्पाजंली टुडे रिर्पोटर, अभिषेक कुषवाह**

सिरोंज। मंगलवार को आम आदमी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा नगरपालिका का घेराव किया गया एवं नगरपालिका प्रषासन एवं जनप्रतिनिधियो के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई जिसमे नगरपालिका हाय -हाय के जबरदस्त नारे लगाये गये साथ ही अनुविभागीय अधिकारी के नाम दो ज्ञापन दिये गये जिसमे पहले ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि हमारे द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत नगर पालिका सिरोंज से अस्थाई कर्मचारियों की सूची मांगी गई थी सूची प्राप्त कर देखने के बाद कुछ उल्टा ही देखने को नजर आ रहा है नगर पालिका में इतने सारे कर्मचारी होने के बाद भी कभी नगर पालिका में नजर नहीं आते जिस हिसाब से पदस्थ कर्मचारियों की संख्या जितनी है कभी दिखाई नहीं दिए, कोई कर्मचारी किसी नेता के घर काम करता नजर आता है या किसी मंदिर पर पाठ पूजा कर रहा है या कुछ नेताओं के खास नगर पालिका कर्मचारी अपने घर पर बैठकर अपने दूसरे व्यापार काम कर रहे हैं, लेकिन तनख्वा नगरपालिका से ले रहे हैं ऐसे कई कर्मचारी नगरपालिका के लिए काम नहीं कर रहे है। नगरपालिका की जनसंख्या को देखते हुए आम आदमी जब नगर पालिका में पहुंचते है तो वहां परेशान होती नजर आती है और यह नियम के खिलाफ भी है क्योंकि कर्मचारियों को बटने वाली तनख्वाह जनता के टैक्स के पैसे से ही ली जाती है और आज के युग में बेरोजगारी इतनी है कि किसी जरूरतमंद व्यक्ति को प्रेस विज्ञप्ति निकाल कर अगर पद पर नियुक्त किया जाए तो वह अपना कार्य इमानदारी से करेगा लेकिन नेताओं की तानाशाही चलने के कारण ऐसा अभी तक ऐसा नहीं हो पाया है।



प्रधानमंत्री आवास योजना में चहेते को दिया गया लाभ प्रधानमंत्री आवास योजना में कई आपात्र हितग्राहियो को योजना का लाभ दिया गया इसी प्रकार के आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी के द्वारा अपना दूसरा ज्ञापन प्रधानमंत्री आवास योजना में की गई अनदेखी को लेकर दिया गया जिसमें उन्होने बताया कि इसको लेकर भी हमारे द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत नगर पालिका से प्रधानमंत्री आवास योजना विभाग नगरपालिका सिरोंज से जानकारी मांगी गई थी प्राप्त हुई जानकारी के आधार पर पता चला है कि आवास योजना के अंतर्गत कई लाभार्थियों के नाम ऐसे हैं जिनके पास स्वयं के मकान पहले से ही पक्के और 1, 2 मंजिल तक बने (निर्मित) हैं और यह पात्र नहीं है, इसके पश्चात भी उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है कैसे ड़कई लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पूरी राशि स्वीकृत हो चुकी है इसके बाद आज तक किसी प्रकार का कोई भी नया निर्माण कार्य भूमि गांतिक की भूमि पर नहीं दिया है इसके फिर भी पूरी राशि कैसे स्वीकृत हुईड़ प्रधानमंत्री आवास योजना पात्रता 2023 लाभार्थी के पास पक्का घर नहीं होना चाहिए, जिसका अर्थ है कि पूरे भारत में उसके या परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर घर नहीं होना चाहिए । योजना के माध्यम से साफ दर्शाया गया है लेकिन नगर सिरोंज में कुछ उल्टा ही देखने को नजर आ रहा है जिनको आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए वह आज भी लाभ नहीं ले पाए और अगर किसी ने लिया भी है तो उनकी किस्त नहीं डाली जा रही है और पूरी सर्दी कई लोगों ने बगैर छत के निकाल दी है लेकिन भ्रष्टाचारी के दम पर कुछ राजनीतिक पार्टियों के नेता योजना का लाभ लिए बैठे है इसमें नगर पालिका अधिकारियों की मिलीभगत से यह यहा भ्रष्टाचार है, और जिसमे गरीब लोगों जो वाकई में योजना के लाभार्थी हैं उनसे आवास की राशि डालने हेतु पैसे की भी मांग अधिकारियों द्वारा की जाती है। इस दौरान रजत सक्सेना , अल्ताफ खान, बृजेश धाकड़, सब्बू गौरी अभिषेक धाकड़ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**इनका है कहना**

उपरोक्त दोनों मामलों की जांच कराएंगे।

**आनंद कुमार नगर पालिका सीएमओ सिरोंज**

## महामाई के दरबार में लग रहा भक्तों का मेला

### प्रतिदिन रात्रि में होने वाली विशेष आरती में उमड़ती है हजारों की भीड़

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर, अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज। क्षेत्र की आराध्य देवी माँ महामाई के दरबार चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित हो रहे मेले में मातारानी के दर्शनों के लिए दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बड़ती जा रही है। मेले में बड़ती भीड़ और यातायात की व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए प्रशासन को भी सुरक्षा के विशेष प्रबंध करना पड़ रहे हैं। भोपाल रोड स्थित ग्राम वीरपुर में पहाड़ी पर सेंगर राजवंश के समय से विराजी माँ महामाई के दर्शनों के लिए दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। महामाई के दरबार में प्रतिदिन अल सबेरे होने वाली भोर आरती से ही श्रद्धाभाव से पैदल चलकर मातारानी को जल चड़ाने वाली महिला श्रद्धालुओं का आना प्रारम्भ हो जाता है। जिसके बाद दर्शनों का यह क्रम दिनभर चलता है। इसके उपरांत रात्रि साड़े आठ बजे मंदिर के प्रधान पुजारी आचार्य नलिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में होने वाली संगीतमय महाआरती,स्तुति में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या दिन प्रतिदिन बड़ती जा रही है। हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं को आरती उपरांत दर्शनार्थियों को महामाई सेवा समिति के सदस्यगण व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने के लिए मोर्चा संभाले दिखते है। हरबार की तरह इस वर्ष भी महामाई सेवा समिति ने महामाई के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया है। पहाड़ी पर बिराजी मातारानी के मंदिर तक पहुँचने के लिए दोनों तरफ की विशाल सीड़ियों सहित चारो तरफ की पहाड़ी एवं समूचे मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइट,झालर,वंदनवार और पताकाओं से सुसज्जित किया गया है जिससे रात्रि में यहाँ का वातावरण बहुत मनोरम एवं रमणीय हो जाता है। जन कल्याण के लिए नित्य हो रहा हवन महामाई के जागृत दरबार मे लोक कल्याण के लिए प्रतिवर्ष श्रीविद्या दुर्गा शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। मंदिर के प्रधान पुजारी नलिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में लोक कल्याण की दृष्टि से प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रारम्भ होने वाले यज्ञ में क्षेत्र के यजमानगण सपरिवार आहुतियाँ देकर मातारानी की आराधना ओर आशीर्वाद प्राप्त करते है। इसके बाद रात्रि में महामाई की आरती उपरांत भी ग्यारह ब्राह्मणों द्वारा वेदमंत्रों के साथ आहुतियाँ देकर हवन सम्पन्न किया जाता है। यहाँ आयोजित होने वाले महायज्ञ के लिए पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने विशाल यज्ञशाला का निर्माण करवाया गया था। सनातन संस्कृति के अनुरूप नवकुण्डलीय यज्ञवेदियों से सुसज्जित यज्ञशाला परिसर को भी आकर्षक रूप से सजाया गया है। मेले में उमड़ने वाले महिला,पुरुष और बच्चें श्रद्धानवत यज्ञशाला की परिक्रमा करते हुए दर्शनलाभ लेते हैं।





## कांग्रेस की तीन ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की बैठक संपन्न

### संगठन जिला प्रभारी वासुदेव शर्मा एवं जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी ने सरकार बनाने हेतु संगठनात्मक संरचना को भी मजबूती हेतु जिला कांग्रेस के संगठन प्रभारी वासुदेव शर्मा ने भिण्ड,अटेर, मेहगांव हेतु ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों की बैठक ली। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, वरिष्ठ नेता डा. राधेशायम शर्मा, संगठन मंत्री मंत्री ईरसाद अहमद, प्रवक्ता डॉ अनिल भारद्वाज भी उपस्थित रहे। प्रभारी वासुदेव शर्मा ने बैठक के शुरूआत में सभी ब्लॉक अध्यक्षों से उनकी संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान कांग्रेस प्रभारी श्री शर्मा ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी मजबूत इसलिए है कि, हम जमीन से जु? हैं, कांग्रेस जन आंदोलन की पार्टी रही है। ब्लॉक और बूथ मजबूत नहीं होंगे तो पार्टी का ढांचा कमजोर हो जाएगा। उन्होंने कहा,आप सब दूर से आए हैं. हमने आज यहां सिर्फ आपको सुना है. पार्टी संगठन की शक्ति को आपकी मेहनत से सरकार बनी थी।हमें सकारात्मक विचारधारा से आगे ब?ना है और पुन~ 2018 के प्रदर्शन को और मजबूत बहुमत के साथ दोहराना है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह सिंह कुशवाहा ने कहा कि, ब्लाक अध्यक्ष सीधे पार्टी के प्रभारी से सीधा संवाद कर रहे,यह लोकतंत्र कांग्रेस में ही संभव है, 2023 में प्रदेश में पुनः सरकार बनाना है और 2024 में देश को बचाने के लिए भाजपा को हराना है. मोदी सरकार भाजपा अतिवादी सरकार चलाते हैं।

## 12 वीं बोर्ड भूगोल पेपर में एक नकलची पकड़ाया

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

28 मार्च को जिले में संचालित 12 वीं बोर्ड परीक्षा में भूगोल विषय की परीक्षा में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के दिशा निर्देशन में गठित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के श्री गिरधारी नाईक सहायक संचालक एवं डॉ महेश शर्मा योजना अधिकारी के नेतृत्व वाले उड़न दस्ता ने विभिन्न सुदूर परीक्षा केंद्रों का सघन आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षार्थियों की परीक्षा कक्ष में बैठक व्यवस्था, परीक्षा केंद्राध्यक्ष के लिए निर्धारित निर्देश पुस्तिका के पेज़-4 के बिंदु क्रमांक- 4.01 के अनुसार जंबलिंग में करने सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांगोटोला परीक्षा केंद्र पर एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया है।



# भिण्ड पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 लाख रुपये का सामान किया बरामद, कुल 12 वारदातों का किया खुलासा

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कमलेश कुमार खरपूसे के निर्देशन में असामाजिक तत्वों एवं गुण्डा बदमाशों की धरपकड़ तथा चोरी व नकबजनी की वारदातों की पतारसी हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये लगातार निर्देशित किया जाता है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मेहगांव श्री आर. के. एस राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मेहगांव निरी) रविन्द्र शर्मा द्वारा दिनांक 27.03.23 को तकनीकी मदद तथा मुखबिर द्वारा सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि ग्राम खेड़ा थाना बिजौली का रहने वाला आरोपी लगातार चोरी तथा नकबजनी की घटनायें क्षेत्र में घटित कर रहा है उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी मेहगांव निरी. रविन्द्र शर्मा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम खेडा थाना बिजौली में दबिश देकर एक आरोपी को पकड़ा गया जिससे पूछताछ के उपरांत अन्य दो आरोपियों को कस्बा गोहद से हमराह बल की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया, तीनों आरोपियों ने पूछताछ पर स्वीकार किया कि दिनांक 16.03.23 की रात्रि में कस्बा मेहगांव से



उन्होंने एक घर से ताला व कुन्दी तोड़कर सोने चांदी के आभूषण चोरी किये थे जिस पर आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने चांदी के जेवरात कीमत लगभग 03 लाख रुपये बरामद किये गये तथा सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**यह है घटनाक्रम**–फरियादिया भूरीबाई पत्नी नाथू सिंह नरवरिया निवासी जैन मंदिर के सामने गोरमी रोड मेहगांव ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट कराई कि कोई अज्ञात चोर 16-17.03.23 की रात्रि में उसके घर के ताला तोड़कर व कुन्दी काटकर सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये इस पर थाना मेहगांव में अप) क) 57/23 धारा 457,380 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना तथा तकनीकी की मदद से 03 आरोपियों को पकड़ा गया विस्तृत पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि वह पिछले दो तीन साल से एक गिरोह बनाकर चोरियां कर रहे हैं पहले वह ऑटो से घूम फिरकर ऐसे मकानों को चिन्हित करते थे जिनके आसपास कोई सीसीटीवी कैमरे ना हों तथा जिन मकानों में चढना आसान हो फिर रात्रि में ऑटो से जाकर चोरी की घटना को अंजाम देते और चोरी में मिला सामान आपस में बांट लेते। इनके द्वारा जून 2022 में थाना सिविल लाईन मुरैना क्षेत्र से एक दुकान के अंदर से चोरी की घटना को अंजाम दिया साथ ही गोहद चौराहा, गोहद, ग्वालियर तथा दिल्ली में कुल 12 चोरी की घटना घटित करना स्वीकार किया है। 02 आरोपी अभी फरार हैं जिनकी पतारसी की जा रही है उक्त सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही उसमें और भी खुलासा होने की संभावना है।

जमशुदा मशरुका का विवरण- 1. सोने के जेवरात (चैन 01, हारनुमा चैन 01, अंगूठी 02 ), 2. चांदी के जेवरात (करधोनी 02, कमपेटी 01, पायल 04 जोडी, सिक्के 08, बीलिया 06 जोडी, तोडियां 01 जोडी), 3. लोहे के कटर 01 नग, 4. पेंचकस 02 नग, 5. प्लास 01 नग, 6. टामी 02 नग, 7. हथौडा 01 नग, 8. एन्ड्रोईड मोबाईल 03 नग, 9. ऑटो तीन पहिया 01 नग कुल मशरुका 10 लाख रुपये

**सराहनीय भूमिका**–उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी मेहगांव निरीक्षक रविन्द्र शर्मा, उनि हरजेन्द्र सिंह चौहान, सउनि अशोक तिवारी, सउनि सत्यवीर (सायबर सेल भिण्ड), प्रआर. 230 जितेन्द्र पाराशर, आर. 1133 गौरीशंकर, आर. 338 दिनेश शर्मा, आर. 1359 अवनेश सिंह चौहान, आर. 1220 अवधेश सिंह, आर. 1087 प्रदीप सिंह, आर. 675 पदम सिंह, आर. 1165 पदम सिंह की मुख्य भूमिका रही।

# विश्व चैम्पियनशिप में दूसरे खिताब तक निकहत जरीन का सफर रहा उतार चढ़ाव से भरा

**नयी दिल्ली।** एमसी मैरीकॉम ने एक बार गुस्से से पूछा था, निकहत जरीन कौन है? निकहत ने 2022 में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर इस सवाल का जवाब दिया था। और अब रविवार को एक बार फिर उन्होंने अपना दूसरा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया, वो भी घरेलू दर्शकों के सामने जिससे वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरी भारतीय मुक्केबाज बनीं। इसके साथ ही वह छह बार की विश्व चैम्पियन मैरीकॉम के उत्तराधिकारी के तौर पर आगे बढ़ती दिख रही हैं। निकहत ने 50 किग्रा वजन वर्ग का खिताब जीतने के बाद कहा, मैं दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनकर खुश हूं वो भी ओलंपिक वजन वर्ग और घरेलू दर्शकों के सामने। यह पदक सभी समर्थकों के लिए है। निकहत के लिये यह दूसरा खिताब भावनात्मक रहा क्योंकि इस सफर में इस 26 साल की मुक्केबाज को ताने, सामाजिक पूर्वाग्रह और उपेक्षा का सामना करना पड़ा। जहां तक मैरीकॉम का संबंध है तो उन्हें नहीं लगा होगा कि चार साल में निकहत उनके नक्शेकदमों पर चलते हुए उनके बाद एक से ज्यादा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय बन जायेंगी। निकहत के पिता उन्हें धावक बनाना चाहते थे लेकिन उनकी बेटी ने मुक्केबाजी में आने फैसला



किया ताकि वह साबित कर सकें कि महिलायें भी इस खेल में अच्छा कर सकती हैं। तेलंगाना के निजामाबाद में मुस्लिम परिवार से आकर मुक्केबाजी की ड्रेस %टी शर्ट और शॉर्ट' में खेलने से निकहत और उनके माता-पिता को तानों और टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने इन पर ध्यान नहीं दिया। एक दशक पहले जूनियर विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीतने के बाद निकहत का कंधा बाउट के दौरान उतर गया जिससे उन्हें करीब एक साल तक रिंग से दूर रहना पड़ा। लेकिन वह एलीट स्तर पर खुद को साबित करने के लिये जी जान से जुटी रहीं और उन्होंने शानदार वापसी की। उन्होंने 2019 में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में स्वर्ण पदक और थाईलैंड ओपन में रजत पदक जीता। लेकिन इंडिया ओपन में वह महिला मुक्केबाजी के इतिहास की सबसे महान मुक्केबाज मैरीकॉम को नहीं हरा सकीं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 2019 विश्व चैम्पियनशिप से पहले ट्रायल करने से इनकार कर दिया जिसने मैरीकॉम के निरंतर प्रदर्शन के कारण उन्हें ही चुनने का फैसला किया और मणिपुर की मुक्केबाज ने भी अपना आठवां विश्व चैम्पियनशिप पदक जीता। जब बीएफआई ने मैरीकॉम को उनके विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक पदर्शन की वजह से तोक्यो ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भेजने का फैसला किया तो निकहत ने तब के खेल मंत्री किरेन रीजीजू से एक %निष्पक्ष ट्रायल' करने की मांग रखी। निकहत की अनुरोध को स्वीकार करते हुए ट्रायल की घोषणा हुई लेकिन यह युवा मुक्केबाज अपने से अनुभवी मैरीकॉम से एक तरफा मुकाबले में हार गयी।

लेकिन यह घटना भी निकहत के जज्बे को कम नहीं कर सकी और इस मुक्केबाज ने इसके बाद मिले मौकों का पूरा फायदा उठाते हुए यहां तक का सफर तय किया। निकहत की शुरूआती जीत के बाद लोगों ने उन्हें मैरीकॉम का उत्तराधिकारी बनने की संभावना जतायी और हाल की जीत से यह मजबूत ही होती दिख रही है। वह अक्टूबर 2021 के बाद से बेहतरीन फॉर्म में है। उन्होंने तब से एक भी मुकाबला नहीं गंवया है, उन्होंने दो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खिताब जीते, 2022 स्ट्रैंड्जा मेमोरियल, 2022 विश्व चैम्पियनशिप, सारे चयन ट्रायल और राष्ट्रमंडल खेल में जीत हासिल की।

# वर्ल्ड कप का आखिरी दिन:भारत की सामरा कौर ने जीता ब्रॉन्ज

**भोपाल।** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन वर्ल्ड कप के पांचवें दिन आज 50 मीटर रायफल 3 पोजीशन विमेन और 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल मेन के मुकाबले हुए। इवेंट में कुल 38 खिलाड़ी शामिल हुए।रविवार को दोनों रांउड में दुनिया भर के 68 खिलाड़ियों सहित 9 भारतीयों ने निशाना लगाया। आखिरी दिन भारत के खाते में एक ब्रॉन्ज आया। भारत की सिफ्ट कौर सामरा ने यह मेडल जीता। उन्होंने रैंकिंग मैच में



कुल 403.9 पॉइंट्स हासिल किए। सामरा ने नीलिंग में 102.2, प्रोन में 103.4 और स्टेंडिंग में 198.3 पॉइंट्स हासिल किए। इवेंट के फाइनल मैच में चीन की जहांग किओंगोयूए ने गोल्ड और चेक रिपब्लिक की ऐनेता बरबकोवा ने सिल्वर जीता।शनिवार को 25 मीटर पिस्टल वुमन फाइनल में मनु भाकेर ने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। वर्ल्ड कप में भारत के मेडल की संख्या 7 हुई, जिसमें 1 गोल्ड, 1 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है। भारत ओवरऑल मेडल टैली में चीन के बाद दूसरे पायदान पर रहा। 50 मीटर रायफल 3 पोजीशन वुमन और 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल मेन में भारत, श्रीलंका, मेक्सिको, कोरिया, कजाकिस्तान, बंगलादेश, जापान, हंगरी, स्विटजरलैंड, यूएसए, डेनमार्क, चेकिया, इजराइज, उज्बेकिस्तान, लिथोनिया, ब्राजील, फ्रांस के प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। विजयवीर सिधु ,अनीश, मंदीप सिंह, भावेश शेखावत और अंकुर गोयल। 50 मीटर रायफल 3 पोजीशन वुमन में भारत के इन खिलाड़ियों ने भाग लिया था मुदगिल अंजुम, सामरा कौर, मनिनि कौशिक और आशी चौकसे।

# सात्विक-चिराग बने चैंपियन, फाइनल में चीनी जोड़ी को दी मात

**नई दिल्ली।** भारत के सात्विकसाईराज रंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीत लिया है। फाइनल में भारतीय जोड़ी ने चीन के टैंग क्यिान और रेन यू जियांग की जोड़ी को मात दी। सात्विक और चिराग ने जीनी जोड़ी को सीधे सेटों में 21-19 और 24-22 से मात दी। स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल के खिताबी मुकाबले में भारतीय जोड़ी शुरुआत से ही शानदार लय में थी। सात्विक-चिराग ने पहला गेम 21-19 के करीबी अंतर से अपने नाम किया, लेकिन दूसरे गेम में दोनों जोड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई। हालांकि, भारतीय जोड़ी ने अंत में 24-22 के अंतर से गेम जीता और खिताब भी अपने नाम कर लिया।

इस टूर्नामेंट में सात्विक और चिराग ने हर मैच में पूरी मेहनत के बाद जीत हासिल की है। इससे पहले भारतीय जोड़ी ने जेपे बे और लेसे मोल्हेडे की डेनमार्क की जोड़ी



को 54 मिनट तक चले मुकाबले में 15-21, 21-11, 21-14 से हराया था। वहीं, क्वार्टर फाइनल में भी सात्विक-चिराग ने 84 मिनट तक कड़ा मुकाबला खेला था।

इस टूर्नामेंट में भारत के बाकी खिलाड़ी पहले ही बाहर हो गए थे। महिला एकल में पीवी सिंधू और पुरुष एकल में एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, मिथुन मंजूनाथ अपने-अपने मुकाबले हारकर बाहर हो गए थे। ऐसे में यह जोड़ी ही भारत की तरफ से एकमात्र चुनौती पेश कर रही थी और इन दोनों ने चैंपियन बनने के बाद ही राहत की सांस ली है।

भारतीयय जोड़ी के लिए यह सत्र का पहला खिताब था। इस जीत के साथ ही सात्विक और चिराग ने पिछले हफ्ते ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में मिली हार को भुलाया, जहां वे दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। कुल मिलाकर, यह भारतीय जोड़ी के लिए करियर का पांचवां वर्ल्ड टूर खिताब था, जिसने पिछले साल इंडिया ओपन और फ्रेंच ओपन जीता था, इसके अलावा 2019 में थाईलैंड ओपन और 2018 में हैदराबाद ओपन में जीत हासिल की थी। सात्विक और चिराग ने 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल भी जीता था।



# आईपीएल शुरू होने से पहले पंजाब किंग्स को बड़ा झटका : स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो चोटिल

**नई दिल्ली।** आईपीएल शुरू होने से पहले ही पंजाब किंग्स को बड़ा झटका लग गया है। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज और पंजाब किंग्स के बैटर जॉनी बेयरस्टो घुटने की चोट के कारण ढ्ढक्कक्र से बाहर हो गए है। उनकी जगह पंजाब टीम ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉट को बुलाया है। पंजाब किंग्स ने बीसीसीआईके माध्यम से इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से कई बार चोट पर अपडेट लेने की कोशिश की। अब ईसीबी है कि बेयरस्टो आईपीएल नहीं खेल पाएंगे।

गोल्फ खेलते समय हुए थे चोटिल : सितंबर 2022 में बेयरस्टो अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलते-खेलते चोटिल हो गए थे। यह चोट उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले आई थी। गोल्फ कहले के दौरान वे फिसला गए थे। इस कारण उनके फाइबुला में कई फैक्चर हो गए, जिसके लिए कुछ दिनों बाद सर्जरी के दौरान एक प्लेट डालने की जरूरत थी।

# सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत मलेशिया

## चीनी ताइपै के साथ ग्रुप सी में

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन खिलाडियों को सुदीरमन कप फाइनल्स में पेचीदा ड्रॉ मिला है जिसमें उसे ग्रुप सी में मलेशिया और चीनी ताइपै के साथ रखा गया है । सुदीरमन कप 14 से 21 मई के बीच चीन के सुझोउ में खेला जायेगा । ग्रुप सी में चौथी टीम आस्ट्रेलिया है । भारत ने 2011 और 2017 सुदीरमन कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन पिछले दो सत्र में भारत क्वार्टर



फाइनल में भी नहीं पहुंच सका । भारत ने फरवरी में बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सुदीरमन कप के लिये क्वालीफाई किया था । इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी जिनमें चीन, डेनमार्क, इंडोनेशिया, थाईलैंड, जापान, दक्षिण कोरिया शामिल है । चीन का सामना ग्रुप ए में डेनमार्क, सिंगापुर और मिस्र से होगा जबकि इंडोनेशिया ग्रुप बी में थाईलैंड, जर्मनी और कनाडा से खेलेगा । ग्रुप डी में जापान, कोरिया, फ्रांस और इंग्लैंड हैं । हर वर्ग में पांच मुकाबले खेले जायेंगे जिनमें पुरूष एकल, महिला एकल, पुरूष युगल , महिला युगल और मिश्रित युगल शामिल है ।

# सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी : भवानी देवी ने स्वर्ण जीता

**पुणे।** ओलंपियन भवानी देवी ने 33वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं के व्यक्तिगत साबरे वर्ग में स्वर्ण पदक जीता । भवानी की टीम तमिलनाडु ने महिलाओं के टीम वर्ग में भी केरल को 45 . 34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता । महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग में भवानी देवी ने केरल की वी सन्नी अलका को 15 . 9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता । इससे पहले उन्होंने पंजाब की जगमीत कौर को 15 . 11 से हराया था जबकि वी सन्नी अलका ने हरियाणा की आखिरी को 15 . 9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी ।

सीनियर महिला फॉइल वर्ग में केरल की राधिका अवाती ने स्वर्ण पदक जीता । पुरूषों के फॉइल वर्ग में मणिपुर के हेमाश सनासम ने



एसएससीबी के इस्माइल खान को 13 . 12 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया ।

# निकहत ने अपना दूसरा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता

**नयी दिल्ली।** शीर्ष भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में वियतनाम की एनगुएन थि ताम को हराकर अपना दूसरा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता। निकहत ने यहां केडी जाधव इंडोर हॉल में ताम पर 5-0 से जीत दर्ज कर लाइट फ्लाईवेट खिताब अपने नाम किया। इस जीत से निकहत महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम (छह बार की विश्व चैम्पियन) के बाद दो बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गयीं। निकहत ने पिछले सा 52 किग्रा वजन वर्ग में खिताब जीता था। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनी,विशेषकर ओलंपिक वजन वर्ग में। दोनों एशिर्या मुक्केबाजों के बीच दिन का शुरूआती मुकाबला रोमांचक रहा। निकहत ने कहा, आज का मुकाबला मेरे लिये कठिन था, वह एशियाई चैम्पियन है और मेरा अगला लक्ष्य एशियाई खेल हैं और मैं उससे भिड़ सकती हूं इसलिये मैं कड़ी मेहनत करूंगी। उन्होंने कहा, मुकाबले में उसे और मुझे चेतावनी और %काउंट' मिली। लेकिन मैं विजेता बनी। निकहत अपने 52 किग्रा वजन वर्ग से कम वजन वर्ग में खेलीं, वह पहले थोड़ी सुस्त दिखी क्योंकि ताम ने पहले आक्रमण किया। लेकिन कुछ सेंकेंड बाद घरेलू प्रबल दावेदार ने हमले तेज कर दिये जिसके बाद उन्होंने दायीं ओर दो %हुक' और फिर सीधे मुक्का जड़ा। ताम को जकडने के लिए एक पेनल्टी अंक दिया गया जिससे पहला राउंड निकहत के पक्ष में हो गया। ताम ने दूसरे राउंड में मजबूत वापसी की और वह तेज मुक्के जडने लगी जिससे निकहत नीचे सिर करके खेलने को मजबूर हो गयी जिससे उन्हें एक पेनल्टी अंक मिला। वियतनाम की मुक्केबाज ने दूसरा राउंड 3-2 से अपने नाम किया।

# मनिका और श्रीजा के साथ अन्य वरीय खिलाड़ी राउंड 32 में



**जम्मू।** शीर्ष वरीय मनिका बत्रा और दूसरी वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन श्रीजा अकुला ने शनिवार को यहां 84वीं सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के महिला एकल में अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से शिकस्त देकर राउंड 32 में प्रवेश किया। अन्य वरीय खिलाडियों में रीथ रिष्या, दीया चिताले, सुतिर्था मुखर्जी, अनुशा कुटुम्बाले, स्वस्तिका घोष और प्राप्ति सेन ने भी आसान जीत दर्ज की। हालांकि अंकिता दास और पेल्फ तथा पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन शमिनी कुमारेशन और देशना वंशिका के बीच चुनौतीपूर्ण मुकाबले से सभी की दिलचस्पी इन मैचों के नतीजे पर लगी। हालांकि अंकिता अगले दौर में पहुंचने में सफल रही जबकि शमिनी को हार मिली।

# अफगानिस्तान के लिये ऐतिहासिक उपलब्धि, पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला जीती

**शारजाह।** अफगानिस्तान ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे ट्वेंटी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में %नये लुक' वाली पाकिस्तान टीम को एक गेंद रहते सात विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। यह पहली बार है जब अफगानिस्तान ने शीर्ष छह रैंकिंग की एक आईसीसी टीम के खिलाफ श्रृंखला जीती हो। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कम अनुभवी शीर्ष क्रम ने फिर निराश किया। पर उसके लिये इमाद वसीम ने 57 गेंद में नाबाद 64 रन की पारी खेली और कप्तान शादाब खान ने 32 रन बनाकर टीम को




छह विकेट पर 130 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इसके बाद अफगानिस्तान के लिए रहमनुल्लाह गुरबाज (44 रन) और इब्राहिम जदरान (38 रन) ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अहम योगदान किये। नजीबुल्लाह जदरान ने नाबाद 23 और मोहम्मद नबी ने नाबाद 14 रन बनाकर अपनी टीम को एक गेंद रहते तीन विकेट पर 133 रन बनाकर जीत दिलायी। अफगानिस्तान को अंतिम दो ओवर में 22 रन की दरकार थी। 19वें ओवर में नजीबुल्लाह और नबी ने नसीम शाह पर एक एक छक्का लगाया जिससे इसमें 17 रन बने और पाकिस्तान की उम्मीद भी टूट गयी।

# मुंबई इंडियंस के सफल होने में अहम रहा महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाना : हरमनप्रीत

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स पर सात विकेट की जीत से शुरूआती महिला प्रीमियर लीग की ट्रॉफी हासिल करने के बाद कहा कि मैच को जीतने के बजाय मुकाबले के महत्वपूर्ण मौकों पर दबदबा बनाने पर ध्यान देना ही उनकी टीम के लिये कारगर रहा। मुंबई इंडियंस ने बीती रात ब्रैबोर्न स्टेडियम में तीन गेंद रहते 132 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया जिसमें इंग्लैंड की आल राउंडर नैट स्किवर ब्रंट ने नाबाद 60 रन की पारी का अहम योगदान रहा। डब्ल्यूपीएल की ट्रॉफी जीतने के बाद हरमनप्रीत ने कहा, शुरु से ही हम महत्वपूर्ण मौकों को अपने नाम करने के बारे में बात कर रहे थे। हम ट्राफी पर ध्यान नहीं लगाये थे, हम इन सभी मौकों को जीतने की कोशिश कर रहे थे। हमने सोचा कि अगर हम इन मौकों को जीत लेंगे तो ट्राफी स्वत- ही हमारी झोली में आ जायेगी। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से कप्तान के तौर पर ट्राफी जीतने के इस पल का इंतजार कर रही थीं। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत तौर पर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। मैं लंबे समय से इस पल का इंतजार कर रही थी कि मैं कब कप्तान के तौर पर कोई खिताब जीत पाऊंगी। यह महिला क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण रहा। हरमनप्रीत ने




कहा, कभी कभार हम ऐसा (ट्राफी जीतने के) करने के करीब पहुंचे लेकिन नहीं कर पाये। लेकिन यहां टूर्नामेंट अलग था इसलिये टीम भी अलग थी। हर टीम काफी संतुलित थी और टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया। रविवार को हरमनप्रीत के रन आउट होने से उनके टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके आउट होने की याद तरोताजा हो गयी लेकिन मुंबई इंडियंस की कप्तान ने कहा कि उनकी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने के लिये काफी खिलाड़ी मौजूद थीं। उन्होंने कहा, दोनों रन आउट काफी निराशाजनक रहे। मैं पिछले मैच (भारत बनाम आस्ट्रेलिया) में काफी आत्मविश्वास से खेल रही थी क्योंकि हमारे हाथ में काफी विकेट थे। मुझे लगा था कि हम लक्ष्य तक पहुंच जायेंगे। हरमनप्रीत ने कहा, लेकिन यहां माहौल पूरी तरह अलग था, हमारे पास मध्यक्रम में नैट मौजूद थीं और वह क्रीज पर डट गयी थीं। मैं जानती थी कि कौन गेंदबाजी करने वाला था और किस तरह से। हम मैच खत्म करने के लिए काफी सकारात्मक थे और दो ओवर बचे थे। लेकिन जब मैं आउट हुई तो हमने सोचा कि हमें परिस्थिति के हिसाब से खेलना होगा। उन्होंने कहा कि गुजरात जायंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर खेलने से उनकी टीम को फाइनल के लिये लय हासिल करने में मदद मिली। हरमनप्रीत ने कहा कि शुरुआती डब्ल्यूपीएल में सभी पांचों टीमों ने अच्छा खेल दिखाया और सभी के लिये खिताब जीतने का मौका था। दिल्ली कैपिटल्स के कोच जोनाथन बैटी ने लगातार विकेट गंवाने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा, शुरूआती तीन विकेट गिरना आपके लिये नुकसानदायक हो सकता है। कप्तान मेग लैनिंग और मरिजाने काप के बीच भागीदारी ने हमें वापसी करायी लेकिन फिर हमने विकेट गंवा दिये। इससे चीजें मुश्किल हो गयीं।

# भोला के बाद पूरा यूनिवर्स लाने की तैयारी में अजय देवगन

## सलमान-अभिषेक भी होंगे हिस्सा

अजय देवगन अपनी फिल्म भोला को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। ट्रेलर में अभिनेता के एक्शन अवतार की झलक मिलने के बाद से ही प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। तमिल फिल्म कैथी की हिंदी रीमेक भोला में अभिनेता के अभिनय ही नहीं, निर्देशन की भी तारीफ हो रही है। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी कैथी ने एक अलग सिनेमेटिक यूनिवर्स की नींव रखी थी। ऐसे में अब अजय ने भी भोला के सिनेमेटिक यूनिवर्स पर बात की है। कैथी के यूनिवर्स की शुरुआत लोकेश की विक्रम के साथ हुई, जिसमें कमल हासन, विजय सेतुपति और फहाद फाजिल शामिल थे। फिल्म ने दुनिया भर में 400 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था और ऐसे में दर्शकों को भोला यूनिवर्स आने की उम्मीद थी।अजय ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि भोला के साथ एक यूनिवर्स की शुरुआत होने वाली है। अभिनेता ने कहा, कैथी विक्रम के यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें विक्रम (1986) और विक्रम (2022) शामिल हैं। भोला एक ऐसे नोट पर खत्म होगी, जहां आपको लगेगा कि इसका दूसरा पार्ट भी होगा। उन्होंने कहा, यह दूसरा पार्ट विक्रम या उसके जैसा नहीं होगा क्योंकि हम अलग तरह के नए किरदार लाएंगे।भोला दुनियाभर में 3डी, आईमैक्स और 4डीएक्स में रिलीज होने वाली है। अजय ने फिल्म के बारे में कहा, यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई गई है, जिसमें भरपूर एक्शन है। हमने जो वातावरण और परिवेश बनाया है, वो कुछ ऐसा है जो मुझे नहीं लगता कि लोगों ने ज्यादा देखा है। अभिनेता ने बताया कि फिल्म की कहानी को वैसा



ही रखा गया है, लेकिन बहुत सारे किरदार और पटकथा का थोड़ा सा हिस्सा बदल गया है। भोला को और भी शानदार बनाने के लिए कई सितारों के कैमियो की खबरें भी सामने आती रहती हैं। माना जा रहा है कि अजय इस प्रोजेक्ट को 3 पार्ट फ्रेंचाइजी की तरह बना रहे हैं।रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट्स में कहा गया था कि सलमान खान इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अभिषेक बच्चन भी फिल्म में कैमियो कर सकते हैं, जिस पर ट्रेलर लॉन्च के दौरान अजय ने कहा था कि यह सरप्राइज होगा। फिल्म को लेकर अजय बता चुके हैं इसकी कहानी कैथी से ली गई है, लेकिन इसमें हिंदी दर्शकों के हिसाब से कई बदलाव किए गए हैं। कैथी के हिंदी राइट अजय को मिल गए हैं, लेकिन बाकी यूनिवर्स की फिल्में मेकर्स खुद ही हिंदी में लाने वाले हैं। ऐसे में अजय को भोला यूनिवर्स को आगे ले जाने के लिए नई कहानियां लेकर आनी होंगी, जिसके लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं। अजय की भोला 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में तब्बू, दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा, गजराज राव, मकरंद देशपांडे और किरण कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के अभी तक दो गाने दिल है भोला और नजर लग जाएगी रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। यह अजय के निर्देशन में बन रही चौथी फिल्म है। इससे पहले वह यू मी और हम, शिवाय और रनवे 34 बना चुके हैं। भोला के बाद अजय मैदान में नजर आएंगे, जिसकी कहानी 1952%962 के दौरान भारतीय फुटबॉल के स्वर्णिम युग पर आधारित है। इसके अलावा वह रेड 2 की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे और रोहित शेट्टी के साथ सिंघम अगेन का हिस्सा हैं।

# 29 मार्च को जारी होगा पोन्नियन सेल्वन 2 का ट्रेलर

साउथ मूवी का बॉक्स ऑफिस पर बोलबाला बना हुआ रहता है और फैंस भी इनका बेसब्री से प्रतीक्षा भी करते है। साउथ मूवी इंडस्ट्री के पॉपुलर डायरेक्टर मणिरत्नम की मूवी पोन्नियन सेल्वन बीते वर्ष 2022 में 30 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और जबरदस्त कारोबार किया। अब फिल्म का दूसरा पार्ट पोन्नियन सेल्वन 2 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रहा है। इसी बीच मेकर्स ने मूवी पोन्नियन सेल्वन 2 के ट्रेलर को रिलीज करने की डेट का भी खुलासा कर दिया है। पोन्नियन सेल्वन 2 का ट्रेलर 29 मार्च को होगा



रिलीज- लायका प्रोडक्शन ने अपने ट्विटर हैंडल पर मूवी पोन्नियन सेल्वन 2 का पोस्टर साझा किया है। इस पर लीड स्टार ऐश्वर्या राय बच्चन और चियान विक्रम दिखाई दे रहे है। पोस्टर पर बताया गया है कि मूवी का ट्रेलर 29 मार्च यानी बुधवार को रिलीज किया जाने वाला है। बताते चलें कि मूवी पोन्नियन सेल्वन लेखक कल्कि कृष्णमूर्ति के इसी नाम से उपन्यास पर बनाई गई है। बताते चलें कि मूवी पोन्नियन सेल्वन 2 के ट्रेलर से पहले मेकर्स ने लीड अभिनेता चियान विक्रम का लुक साझा किया है। इसके बाद फैंस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड हो चुके है। मेकर्स ने एक वीडियो भी साझा कर चुके है इसमें कॉस्ट्यूम डिजाइनर चियान विक्रम के लुक को क्रिएट करते नजर आ रहेहै। आर्मी सूट से लेकर आभूषण और हेयरस्टाइल तक सब पर दीवाने होते हुए दिखाई दे रहे है।

# पंजाबी फिल्म हनीमून की शूटिंग के कारण नहीं कर पाई विक्रम भट्ट की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू:जैस्मिन भसीन

टीवी अभिनेत्री जैस्मिन भसीन के बॉलीवुड डेब्यू की लंबे समय से चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि जैस्मिन विक्रम भट्ट की एक फिल्म से डेब्यू करने जा रही हैं। इसके बाद इस फिल्म के बारे में कोई अपडेट नहीं आया। अब एक इंटरव्यू में जैस्मिन ने खुद पुष्टि की है कि वह विक्रम भट्ट की एक फिल्म करने वाली थीं, जिसको महेश भट्ट ने लिखा था। उन्होंने फिल्म छोड़ने की वजह भी बताई है।उन्होंने कहा, हां मैं एक फिल्म करने वाली थी जिसका निर्माण विक्रम भट्ट की प्रोडक्शन कंपनी कर रही थी। इसे महेश भट्ट ने लिखा था और विक्रम भट्ट के एक सहयोगी इसका निर्देशन करने वाले थे। तब मैं हनीमून की शूटिंग कर रही थी और फिल्म को टालना पड़ा। हम ऐसे बिंदु पर पहुंच गए जहां मेरे पास समय नहीं था और फिल्म की शूटिंग शुरू करनी थी। जैस्मिन ने बताया कि इसकी वजह से उनके और विक्रम के बीच कोई कड़वाहट नहीं है। उन्होंने विक्रम से माफी मांगी थी और उन्होंने जैस्मिन की बात समझी। दोनों ने आपसी सहमति से तय किया कि अगर चीजें नहीं बन पा रही हैं, तो इसे छोड़ देना ही बेहतर है। जैस्मिन ने आगे कहा, दुर्भाग्य से मैं यह फिल्म नहीं कर रही हूं, लेकिन मैं इस मौके के लिए विक्रम सर को धन्यवाद देती हूं। जैस्मिन ने गिप्पी ग्रेवाल के साथ पंजाबी फिल्म हनीमून में काम किया है। अब उन्हें अपने बॉलीवुड डेब्यू का इंतजार है। वह इसके लिए काफी मेहनत कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं हर वो ऑडिशन दे रही हूं, जिसके लिए मुझे बुलाया जा रहा है। मैं अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ रही हूं। मेरा हौसला और उम्मीदें बरकरार हैं। यह मेरा सपना है और मैं अपने सपनों



को पूरा करने में विश्वास रखती हूं। जैस्मिन टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उन्होंने बतौर मॉडल अपने करियर की शुरुआत की थी। 2015 में उन्हें टशन-ए-इश्क से ब्रेक मिला। वह दिल से दिल तक में भी नजर आ चुकी हैं। नागिन 4 ने उन्हें काफी लोकप्रियता दिलाई। इसके बाद बिग बॉस 14 से उनका अलग प्रशंसक वर्ग बना। वह साउथ की कुछ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जैस्मिन के साथ उनके प्रशंसकों को भी उनके डेब्यू का इंतजार है।

# शिमरी ब्लैक आउटफिट में निक्की तंबोली लगीं बला की खूबसूरत

## ऊपर से नीचे तक निहारते रह जाएंगे आप

बिग बॉस फेम निक्की तंबोली हमेशा सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट सुपबोल्ड फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस देख कर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्ड अदाओं से इंटरनेट का तापमान बढ़ाने में लगी रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने शिमरी आउटफिट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं जो तेजी से वायरल हो रही हैं। निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की सिजलिंग ड्रेस



पहनी हुई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने काफी डीपनेक ब्लैक ब्लाउज पहना हुआ है और साथ ही थाई स्लिट स्कर्ट पहनी हुई है। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप लुक कर के निक्की तंबोली ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। हाई हील्स पहन कर एक्ट्रेस ने कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दिए हैं। निक्की तंबोली जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर भी यूजर्स अमेजिंग, हॉट, टू हॉट टू हेंडल, सुपर गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स कर रहे हैं।

# अंगद बेदी साउथ में डेब्यू करने को तैयार

बॉलीवुड के कई सितारे इन दिनों दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने पैर जमाने की कोशिश में लगे हैं। कई सितारे अपने डेब्यू में सफल रहे हैं, तो कुछ जल्द ही डेब्यू की तैयारी में हैं। अब अभिनेता अंगद बेदी इस सूची में शामिल होने जा रहे हैं। अंगद तेलुगू सुपरस्टार नानी की आने वाली फिल्म नानी 30 में नजर आएंगे, जिसमें मृणाल ठाकुर भी मुख्य भूमिका में हैं। अभिनेता जल्द ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। अंगद नानी 30 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। यह अंगद और मृणाल का साथ में दूसरा प्रोजेक्ट है। दोनों जल्द ही रिलीज होने वाली आर बाल्की की शॉर्ट फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 में भी दिखाई देंगे। अंगद फिलहाल फिल्म की तैयारी कर रहे हैं और जल्द नानी 30 की शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। वह हाल ही में अपने लुक टेस्ट को फाइनल करने के लिए हैदराबाद भी गए थे। अंगद के एक करीबी सूत्र ने कहा, वह फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। यह इस साल आने वाली बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अंगद के दक्षिण भारतीय फिल्मों का हिस्सा बनने का प्रमुख कारण यह कि वह ऐसी फिल्मों को आजमाना चाहते थे जो विभिन्न प्रकार के दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई हों। शौर्य के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक इमोशनल ड्रामा है, जिसमें बाप-बेटी के रिश्ते की कहानी देखने को मिलेगी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी के घर जन्मे अंगद अंडर%9 क्रिकेट खेल चुके हैं। कॉलेज के बाद उन्होंने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया। उन्होंने 2010 में एक्स्ट्रा इनिंग्स टी-20 की मेजबानी की है। यह शो आयुष्मान खुराना के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्करु) के दौरान मैच सत्र के बीच में प्रसारित होता था।

# रिया कपूर ने शुरू की द क्रू की शूटिंग






निर्माता रिया कपूर ने अपनी मां सुनीता कपूर के जन्मदिन पर शेयर किया कि वह अपनी अगली फिल्म द क्रू की शूटिंग शुरू कर रही हैं। रिया ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में फिल्म का क्लैप बोर्ड है, जबकि दूसरी में उनकी मां की तस्वीर है।कैप्शन के लिए, रिया ने लिखा- क्या यह वास्तविक जीवन है, डे 1. जन्मदिन मुबारक हो मां, मैं तुम्हारे बिना यहां तक नहीं पहुंच सकती! मैं तुमसे प्यार करती हूं! फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन हैं। करीना ने कमेंट सेक्शन में लिखा, करीना कपूर खान- सो रेडी माय गर्ल लव यू माय रिया।कहानी तीन महिलाओं की है, जो जीवन के साथ आगे बढने के लिए काम करती हैं। लेकिन जैसे-जैसे वे आगे बढने की कोशिश करते हैं, उनकी सामने मुसीबत आनी शुरु हो जाती है, जो उन्हें खतरनाक परिस्थितियों की ओर ले जाती है, जिससे वे झूठ के जाल में फंस जाते हैं।राजेश कृष्णन द्वारा निर्देशित और बालाजी मोशन पिक्चर्स लिमिटेड और अनिल कपूर प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित यह फिल्म मार्च 2023 के अंत तक तैयार हो जाएगी।

# सलमान खान के किसी का भाई किसी की जान का प्लॉट हुआ लीक, ऐसी होगी फिल्म

सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान काफी समय से चर्चा में है। सलमान के प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खासकर, फिल्म से सलमान का लुक सामने आने के बाद उनके प्रशंसकों की बेसब्री और बढ़ गई। अब तक रिलीज हुए फिल्म के गानों को भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। फिल्म को लेकर तरह-तरह की बातें सामने आती रहती हैं। अब फिल्म के प्लॉट के बारे में नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार फिल्म के प्लॉट का खुलासा हो गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म उत्तर भारत और दक्षिण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में दोनों ही क्षेत्रों के आधुनिक और पारंपरिक रंगों को दिखाया जाएगा। फिल्म 4 भाइयों की कहानी है, जिनमें सलमान का किरदार सबसे बड़ा भाई है। यह




किरदार अपने परिवार को सुरक्षित रखने के साथ ही समाज को अपराध मुक्त बनाने के लिए समर्पित है। फिल्म का रोमांटिक गाना नइयो लगदा प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि फिल्म में सलमान का किरदार प्यार में विश्वास नहीं करता है। इसी कारण उसके भाई उसके पास एक ऐसी लड़की को भेज देते हैं, जो उसके पुराने प्यार के जैसी लगती है। इसके बाद किरदारों के बारे में दिलचस्प खुलासे होते हैं और ऐसी घटनाएं होती हैं कि फिल्म भारत के अलग-अलग हिस्सों में ले चलती है। फिल्म अपनी स्टारकास्ट के कारण चर्चा में है। फिल्म में सलमान के साथ अभिनेत्री पूजा हेगड़े नजर आएंगी। बिग बॉस फेम शहनाज गिल इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। अब्दु रोजिक के भी इस फिल्म में होने की चर्चा है। यह अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी की भी डेब्यू फिल्म है। फिल्म में भूमिका चावला और भाग्यश्री के होने की भी चर्चा है। टीवी अभिनेता सिद्धार्थ निगम भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म बार-बार हो रहे बदलावों के कारण भी चर्चा में रही। इस फिल्म की शुरुआत कभी ईद कभी दिवाली नाम से हुई थी। इसके बाद इसे भाइजान नाम से बुलाया गया। आखिर में निर्माताओं ने किसी का भाई किसी की जान नाम से इसकी आधिकारिक घोषणा की। फिल्म में पहले अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े थे। इनको आयुष शर्मा और जहीर इकबाल ने रिप्लेस किया। बाद में इन अभिनेताओं ने भी फिल्म छोड़ दी। फिल्म 21 अप्रैल को रिलीज होगी।

## एक नजर...

### आओ हम सब मिलकर बोलें जय जय जय श्री राम

महेन्द्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे



ग्वालियर। मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा दौलतगंज ग्वालियर के तत्वावधान में गत दिवस इंगित बाल गोष्ठी का आयोजन गूगल मीट÷ के आभासी पटल पर किया गया। इसमें विशेष रूप से हनुमानजी, महावीर स्वामीजी, बैसाखी और रामनवमी के ऊपर कविताओं का पाठ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.श्रद्धा सक्सेना ने की।मुख्य अतिथि की आसंदी पर डॉ.प्रतिभा द्विवेदी विराजमान थीं। गोष्ठी को एक सूत्र में बांधने का कार्य वंशिका अग्रवाल ने किया।मां वाणी का वंदन मधुर स्वर में मंत्रिता शर्मा ने किया। अतिथि स्वागत एवं कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन श्रुति सिरोठिया ने किया। महारानी लक्ष्मीबाई उत्कृष्ट महाविद्यालय की हिन्दी प्राध्यापक डॉ.श्रद्धा जी ने कहा कि बाल गोष्ठी के माध्यम से बच्चे संचालन, स्वागत ,आभार और काव्य पाठ में निष्णांत हो चुके हैं। अपसंस्कृति की इस दौर में बच्चे राम पर चिंतन कर रचनाएं लिख रहे हैं। यह हमें भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आश्वस्त करता है। भोपाल से जुड़ी ग्वालियर की स्वर कोकिला डॉ.प्रतिभा जी ने कहा, कि प्रत्येक बच्चे के पास एक अपनी सरस्वती वंदना होनी चाहिए। कार्यक्रम को सरिता के प्रवाह की तरह अनवरत चलाने वाली कार्यक्रम संयोजिका बाल-साहित्यकार संगीताजी ने बंबई की मिठाई आई बालगीत का गायन किया। कार्यक्रम को सभी बालकवियों ने अपनी -अपनी कविताओं के सौरभ से सुगंधित किया।

आओ हम सब मिलकर बोलें जय जय जय श्री राम ।
राम बनाते हैं सबके, सारे बिगड़े काम।।
आदित्य शर्मा, छतरपुर

अंजनी के राजदुलारे,
पवनसुत ये कहलाते,
बजरंग इन्हें पुकारते ,
सत्संग ये प्रभु श्रीराम का करते ।
वंशिका अग्रवाल

मां कौशल्या के राम,
सुमित्रा के सुख धाम ।
कैकयी के मन प्रस्तर से,
पहुंच गए वन धाम ।
श्रुति सिरोठिया

भोले से भी भोले पवनसुत हनुमान कहाते हैं।
चंचल प्रचंड केसरी नंदन राम प्रिय कहलाते हैं।।
प्रियांशु कुशवाह

वह देखो मां आज खिलौने वाला फिर आया है ।
कई तरह के सुंदर-सुंदर नए खिलौने लाया है।
अनाया गुप्ता

तितली उड़ी उड़ ना सकी
बस पर चढ़ी सीट ना मिली

### शिवपुरी एक्सप्रेस रूपी जोड़ी ग्वालियर में भी दौडेगी: कलेक्टर, एसएसपी की वर्किंग काबिले तारीफ



ग्वालियर। ग्वालियर जिले में शिवपुरी एक्सप्रेस अब धडल्ले से दौडेगी। यह शिवपुरी एक्सप्रेस है कलेक्टर एके सिंह और एसएसपी राजेश सिंह चंदेल रूपी जोडी। इस जोडी ने शिवपुरी में प्रशासनिक और कानून व्यवस्था को उल्लेखनीय रूप से संम्हालकर जिले को नई ऊंचाईयां दी। अब यह कलेक्टर व एसएसपी जोडी ग्वालियर में प्रशासनिक सफलता के नये झंडे गाढने् के लिए मैदान में है। कल एसएसपी चंदेल ने ग्वालियर में पदभार संम्हालने के बाद शिवपुरी में अपने जोडीदार रहे जिले के मुखिया अक्षय कुमार सिंह से मुलाकात की और आज भी कलेक्ट्रेट मुलाकात करने पहुंचे। दोनों अधिकारियों की जबरदस्त कैमेस्ट्री है और दोनों अपने-अपने क्षेत्र के बेहतर अधिकारी रहे हैं। शिवपुरी में भी दोनों ने लोकप्रियता के मुकाम हासिल किये थे। इससे पहले निवाडी में भी कलेक्टर रह चुके अक्षय कुमार सिंह ने निवाडी जैसे पिछडे जिले में विकास के ताबडतोड कामों की शुरूआत कराई थी। अब उम्मीद है कि दोनों अधिकारी कलेक्टर व एसएसपी ग्वालियर में फिर से शिवपुरी की तर्ज पर ही साथ भ्रमण करेंगे और जन समस्याओं व लोगों की परेशानियां दूर करने में सबसे आगे होंगे।

**कलेक्टर की वर्किंग निराली**-कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह की वर्किंग बेहद अलग व सुलझी हुई है वह सुबह से ही अपना बंगला छोड देते हैं और फील्ड में निकल पडते हैं। वह कार्यालय में बैठकर नहीं मौके पर जाकर विकास कार्यो की हकीकत देख रहे हं और नये कार्यो का खाका भी खींच रहे हैं। सबसे बडी खूबी यह है कि वह मिलने आने वाले आम लोगों के लिए देर रात्रि 8-9 बजे तक भी कलेक्ट्रेट में मिल जाते हैं, जिससे आम पीडित , शोषित व्यक्ति की सुनवाई हो रही है और लोग उनको दुआएं देकर निकलते हैं। जिससे शासन की छवि बेहतर हो रही है।

# निगम बजट के संसोधन प्रस्ताव पर चर्चा कर लिए गए निर्णय

**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद की बजट संसोधन प्रस्ताव पर चर्चा सभापति मनोज तोमर की अध्यक्षता में की गई। बैठक में 47 संसोधन प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से 27 संसोधन



प्रस्ताव पर आज चर्चा हुई और 3 संसोधन प्रस्ताव निरस्त करते हुए 24 संसोधन प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

बैठक के प्रारंभ में सदन की सहमति से सामान्य बिदुंओं पर चर्चा की गई तथा सदन की माईक समस्या को लेकर आगामी 5 दिवस में माईक ठीक कराने का आश्वासन निगमायुक्त किशोर कन्याल द्वारा दिया गया।

इसके पश्चात बजट संसोधन प्रस्ताव महापौर एवं अध्यक्ष निधि को लेकर प्राप्त तीन प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा चर्चा उपरांत संसोधन प्रस्ताव स्वीकार करते हुए महापौर निधि 6 करोड़ एवं अध्यक्ष निधि 5 करोड करने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात महापौर अध्यक्ष की स्वेच्छिक अधिकार निधि के संसोधन प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव को शासन की ओर भेजने का निर्णय लिया गया। इसके पश्चात पार्षद निधि के संसोधन प्रस्ताव पर चर्चा की गई। जिसके पश्चात सर्वसहमति से पार्षद निधि 50 लाख से बडाकर 65 लाख रूपये करने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही पार्षद निधि में निर्माण कार्य के साथ ही जनसुविधा के लिए विभिन्न सामग्री ऋय करने के प्रस्ताव को भी शामिल करते हुए प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। चर्चा के दौरान वार्ड समिति की राशि पर संसोधन प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत वार्ड समिति की राशि 20 लाख रूपये करने का प्र्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इसके साथ ही अन्य प्रस्तावों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए।

## कलेक्टर ने ठाठीपुर व मुरार थाना पहुँचकर अपनी मौजूदगी में परीक्षा केंद्रों के लिए रवाना कराए पेपर

**ग्वालियर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रही हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह मंगलवार को सुबह पुलिस थाना ठाठीपुर व मुरार पहुँचे और अपनी मौजूदगी में विधिवत रूप से प्रश्नपत्र के बॉक्स निकलवाकर पूरी गोपनीयता और कड़ी निगरानी के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों तक भिजवाये। जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न अनुविभागों के एसडीएम सहित अन्य राजस्व अधिकारी भी बोर्ड परीक्षाओं को सुव्यवस्थित ढंग से सम्प्पन कराने के लिए पुलिस थानों व परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचे हैं। ज्ञात हो जिले में बनाए गए सभी 92 परीक्षा केन्द्रों तक कड़ी निगरानी एवं पूरी गोपनीयता के साथ प्रश्नपत्र पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस थाने से प्रश्नपत्र निकालने से लेकर और पूरी गोपनीयता के साथ परीक्षा केन्द्र पर प्रश्नपत्र खुलने तक की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हर थाने व केन्द्र पर पटवारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।



## युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर्यन शर्मा का किया स्वागत

ग्वालियर। भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के आर्यन शर्मा का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनने के बाद पहली बार मंगलवार को अपने गृह नगर ग्वालियर आगमन पर युवा साथियों ने उनकी स्टेशन पहुँचकर स्वागत कर अगवानी की जहां से सीधे जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कांग्रेस भवन पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर्यन शर्मा ने उपस्थित अपने युवक कांग्रेस के साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ता जा रहा है और वर्तमान केंद्र सरकार देश के संविधान को तोड़ मरोड़ कर अपने हिसाब से इस्तेमाल करके उसे नष्ट करने की साजिश कर रही है जिसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हम सभी युवा साथियों को एक होने की आवश्यकता है और देश में जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले सांप्रदायिक शक्तियों को उखाड़ फेंकना है आज जिस प्रकार से बदले की भावना से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वायनाड से सांसद श्री राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता समाप्त की है उससे साफ जाहिर होता है की भाजपा राहुल गांधी जी से डरी हुई है और राहुल गांधी जी के देश में बढ़ते हुए कद से घबरा गई है राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा में जिस प्रकार से देश के हर वर्ग युवा बुजुर्ग महिलाएं बच्चे सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है उससे भाजपा को अपनी जमीन के खिसकती हुई नजर आ रही है। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष महाराज पटेल संभागीय प्रवक्ता धर्मेंद्र शर्मा एवम तमाम युवक कांग्रेस साथी उपस्थित रहे।

## गंदगी फैलाने वालों से 20 हजार रूपये से अधिक का वसूल किया जुर्माना

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता के प्रति आमजनों को जागरुक करने के साथ ही अब सख्ती भी दिखाना प्रारंभ कर दी है, जिन्हें कई बार समझाने पर भी वह निरंतर गंदगी फैला रहे हैं। ऐसे लोगों से जुर्माना वसूल करने के साथ ही द्वारा गंदगी न करने की समझाईस भी दी जा रही है। उपायुक्त स्वास्थ्य सत्यपाल सिंह ने बताया कि निगमायुक्त किशोर कन्याल ने निर्देशानुसार शहर में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही गंदगी करने एवं अमानक पॉलीथिन जप्त करने वालों से जुर्माना वसूल करने की कार्यवाही प्रतिदिन की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी श्री किशोर चैहान के निर्देशन में वार्ड 44, 46,47, 48, 51 53, 59 में गंदगी करने वालों एवं अमानक पॉलीथिन रखने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करते हुए 18000 से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्रभ् अर्जुनदास, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी रामचन्द्र धौलपुरिया, वार्ड मॉनिटर सुभाष गुप्ता, जेड एच ओ जीतू जादौन, वार्ड हेल्थ आफिसर लोकेन्द्र चिंडालिया, डब्ल्यूएचओ रवि गौहर, डब्ल्यूएचओ मनोज खरे, डब्ल्यूएचओ धर्मेन्द्र धौलपुरिया, डब्ल्यूएचओ राजेन्द्र घई, डब्ल्यूएचओ रामवीर उपस्थित रहे। इसके साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी अजय ठाकुर के निर्देशन में सहायक स्वास्थ्य अधिकारी विक्रम तोमर, जेडएचओ संतोष एवं डब्ल्यूएचओ रविन्द्र करोसिया द्वारा जोन ऋमांक 3 वार्ड ऋमांक 15 महेन्द्र नगर में भैंस डेयरी द्वारा गंदगी फैलाई जा रही थी, जिस पर उक्त डेयरी से 2000 रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही वार्ड 62 में गंदगी करने पर 500 रुपये का जुर्माना बसूल किया गया। इसके साथ ही अन्य जगहों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई।

## भिमोड़ी में श्रीमद देवी भागवत महापुराण में निकाली गई भव्य शिव बारात, हुई शिव जी शादी

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली बालाघाट**

चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजन आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में विकासखण्ड लांजी अंतर्गत ग्राम भिमोडी के ठाकुर देव प्रांगण में श्रीमद देवी भागवत महापुराण का दिव्य आयोजन 22 मार्च से जारी है जो कि 30 मार्च तक किया जाएगा। भागवत महापुराण में मूल पाठ प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 10=30 तक तथा कथा दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक कथावाचक श्री व्यास आचार्य रंजीत दुबे वृंदावन धाम महाराजपुर मंडला मध्यप्रदेश के द्वारा किया जा रहा है। ज्ञात हो कि 22 मार्च को ग्राम के देवी मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात ग्राम में डीजे की धून के साथ भक्तिमय माहौल में पुरे गांव में कलश यात्रा निकालकर भ्रमण किया गया था। वहीं लगातार 6 दिनों से श्रीमद् भागवत महापुराण का वाचन कथावाचक श्री व्यास आचार्य रंजीत दुबे वृंदावन धाम महाराजपुर मंडला मध्यप्रदेश के द्वारा किया जा रहा है। वहीं 28 मार्च को भगवान भोलेनाथ के विवाह की कथा का बखान कर भगवान भोलेनाथ की शादी मां पार्वती देवी से की गई।

**धूमधाम के साथ भूतपिशाच और अघोरी बाबा के संग निकलीं शिव बारात**-28 मार्च के प्रसंग में भगवान भोलेनाथ की शादी का वर्णन किया गया। जिसका मंचीय कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सर्वप्रथम ग्राम के हनुमान मंदिर से भगवान शिव की बारात ढोल बाजे के साथ शिव बारात में महिषासुर, अघोरी बाबा, नंदी महाराज, बाल बाराती विभिन्न वेषभूषा में नजर आए। शिव बारात में ग्राम के सभी लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लेते हुए आनंद लिया।



शिवबारात हनुमान मंदिर से निकलकर शिव मंदिर होते हुए ठाकुर देव कथास्थल के प्रांगण में पंहुची जंहा शिव बारात का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। वहीं अगली कड़ी में भगवान शिव और माता पार्वती की शादी संपन्न कराई गई। इस पुरे आयोजन में सभी धर्मावलंबियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया।

**भोलेनाथ बनीं बालिका माधुरी कलपुरे एवं माता पार्वती बनीं पलक अस्तने**-शिव बारात में भगवान भोलेनाथ के भेष में बालिका माधुरी कलपुरे एवं माता पार्वती की भूमिका में पलक अस्तने ने बेहतरीन अभिनय किया।नन्दी भगवान के रूप में कुमारी तुलसी कलपुरे एवं योगेश कलपुरे, माता के रूप में पेरमल कलपुरे, झरना कलपुरे, भूमिका बम्बुरे, ओमिका कलपुरे, महिषासुर के रोल में कुलदीप कुचलाहे, शिव बाराती चेतन सिंह कलपुरे, रंजीत कलपुरे, अघोरी बाबा के रूप में चम्हारू कलपुरे, रथ के सारथी के रूप में मनोज कलपुरे एवं नन्हे मुन्ने बच्चे शिव जी की बारात में बाराती बनें हुए थे। जिनकी प्रत्येक कलाकारी लोगों को आकर्षित करती रही।

**भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे ने भी दर्ज कराई उपस्थिति**-ग्राम भिमोडी में जारी श्रीमद् भागवत कथा में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान उन्होंने कथा स्थल पंहुचकर माता की आरती उतारी एव भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि तथा क्षेत्र के विकास के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों को खीर पुड़ी एवं बुंदी प्रसाद के रूप में वितरित की गई।

**आज डांडिया नृत्य का आयोजन**-आज 29 मार्च को अष्टमी पूजन का आयोजन किया जाएगा तदोपरांत रात्रि में भव्य डांडिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा। ग्राम की सरपंच श्रीमती चित्रलेखा पुरूषोत्तम अस्तने एवं समस्त ग्रामवासी भिमोड़ी ने उक्त धार्मिक कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करने एवं उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।







स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478